दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना
RNI-MPHIN/2013/53761
वर्ष-3, अंक-232
इन्दौर, रविवार
17 नवम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

# मेलों और उत्सवों को पूरा प्रोत्साहन देगी राज्य सरकारः मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने किया भोपाल मेले का शुभारंभ

**भोपाल राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार मेलों और उत्सव संस्कृति को प्रोत्साहित करेगी। प्राचीन मेले हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। भोपाल का अपना गौरवशाली इतिहास है। भोपाल में राजा भोज द्वारा निर्मित विशाल सरोवर भी है।

सम्राट विक्रमादित्य से भी इस क्षेत्र का संबंध रहा है। तीर्थ मेला प्राधिकरण के माध्यम से मेलों के आयोजन को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल के टीटी नगर स्थित दशहरा मैदान में भोपाल मेले का शुभारंभ कर संबोधिम कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेले के आयोजन से संबंधित सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन में शिक्षा ग्रहण की। भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लम्बा समय व्यतीत किया। लोकमाता अहिल्या देवी ने उस दौर में जब मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा था, देव स्थान संस्कृति को स्थापित किया। वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, किसी से भी कम नहीं था। उन्होंने निरंतर 51 युद्ध जीते थे और आखिरी 52वें युद्ध में विपरीत परिस्थितियां बन जाने पर पराजय स्वीकार करने की जगह आत्म बलिदान करना उचित समझा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे राष्ट्रभक्तों और कुशल शासकों का इतिहास समेटे मध्यप्रदेश में अनेक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से आज की युवा पीढ़ी को समृद्ध और गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी जाती है। मेले और उत्सव आमजन के लिए महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष मध्यप्रदेश में मकर संक्रांति से लेकर गुड़ी पड़वा ,रक्षाबंधन, विजयदशमी पर शस्त्र पूजन और गोवर्धन पूजा जैसे कार्यक्रम सरकार और समाज ने मिलकर मनाए हैं। सरकार आगे भी ऐसे महत्वपूर्ण आयोजनों में सहभागिता करेगी। इस अवसर पर सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, श्री गोविंद गोयल आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, शंख वादन की ध्वनियों के बीच जनप्रतिनिधियों के साथ गणेश वंदना में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आकाश में गुब्बारे छोड़कर मेले का शुभारंभ किया। भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष श्री मनमोहन अग्रवाल ने स्वागत भाषण में कहा कि मेले में व्यापारी बंधु लाभ-हानि की चिंता किए बिना नागरिकों के हित में सहभागिता करते हैं। श्री अग्रवाल ने मेले से संबंधित कुछ सुझाव भी दिए। यह मेला टीटी नगर स्थित दशहरा मैदान में 31 दिसंबर 2024 तक चलेगा।

# योगी सरकार के मंत्री के स्टाफ को गाड़ी से नीचे घसीटकर लात-घूंसों से पीटा

## पिस्टल भी छीन ली

**ग्वालियर (एजेंसी)।** मंत्रीजी का स्टॉप खुद को मंत्री से ऊपर ही समझता है। अकड़ इतनी कि रस्ते चलते थप्पड़ मारने में भी देरी नहीं करता। यूपी के एक मंत्री के स्टॉप ने कुछ इसी तरह की हरकत कर दी।

गुस्साई भीड़ ने न केवल हमला किया बल्कि थप्पड़बाज सुरक्षाकर्मी की पिस्टल भी छीन ली।

दरअसल,यूपी के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ (मन्नू कोरी) के काफिले पर ग्वालियर में भीड़ ने हमला बोल दिया। मंत्री के सुरक्षाकर्मी समेत स्टाफ को गाड़ी से नीचे घसीटकर लात-घूंसों से पीटा। सुरक्षाकर्मी को पीटने के साथ ही भीड़ में शामिल लोग उसकी सर्विस पिस्टल लूट ले गए। मंत्री के काफिले पर हमले की खबर मिलने से पुलिस महकमे में खलबली मच गई। आला पुलिस अफसर भी पहुंच गए। पुलिस ने देर शाम नाकेबंदी करके दो आरोपियों को गिरफ्तार करके पिस्टल बरामद कर ली। एक बाइक सवार से गाड़ी निकालने को लेकर बहस होने लगी। काफिले में मौजूद सुरक्षाकर्मी सर्वेश कुमार ने बाइक सवार को थप्पड़ जड़ दिए। बाइक सवार धमकाता हुआ चला गया। कुछ दूर पहुंचने पर युवक अपने साथ 10-15 लोग को बुलाकर मंत्री की कार को घेर लिया। सुरक्षाकर्मी सर्वेश कुमार, अर्दली राकेश कुमार, पीआरओ सोनू को नीचे उतारकर जमकर पीटा।

## चंद्रबाबू के भाई राममूर्ति का निधन

**हैदराबाद** ।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू के छोटे भाई राममूर्ति नायडू का शनिवार को हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी इंदिरा और दो बेटे तेलुगु फिल्म अभिनेता नारा रोहित एवं नारा गिरीश है। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि श्री राममूर्ति का हैदराबाद में एआईजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्हें पिछले सप्ताह बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। श्री राममूर्ति का आज 12 :45 बजे निधन हो गया।

## इजरायल के हवाई हमले में ईरान का न्यूक्लियर फैसिलिटी तबाह

**तेहरान।** पिछले महीने इजरायली हमले में ईरान का न्यूक्लियर फैसिलिटी पूरी तरह बर्बाद हो गया है। इजरायली मीडिया रिपोर्ट में दो अधिकारियों के हवाले से दावा किया गया है कि हमले में तेहरान के पास स्थित पारचिन में सीक्रेट न्यूक्लियर रिसर्च फैसिलिटी को नष्ट कर दिया गया। इस हमले में विस्फोटकों को आकार देने और परीक्षण करने के लिए आवश्यक जटिल उपकरण तबाह हो गए हैं, जो परमाणु श्रृंखला प्रतिक्रिया शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण है। 2003 में सैन्य परमाणु कार्यक्रम को बंद करने से पहले ईरान ने इस उपकरण का इस्तेमाल किया था। अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों के अनुसार, पिछले एक साल में ईरान ने परमाणु हथियारों से जुड़ा रिसर्च फिर से शुरू किया है।

### यूपी के बिजनौर में भीषण हादसा

# दूल्हा-दुल्हन सहित सात की मौत

**लखनऊ (एजेंसी)।** बिजनौर में हुए सड़क हादसे में सात की मौत हो चुकी है। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। तत्काल राहत और बचाव के लिए लोग दौड़े। दूल्हा और दुल्हन की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार की खुशियां मातम में बदल गई।



पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया है। रास्ते को सुचारू कराया गया है। बिजनौर। सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतकों में थ्री व्हीलर चालक के अलावा बाकी छह एक ही परिवार के हैं।

दरअसल एक ही परिवार के छह लोग झारखंड से विशाल की शादी करने के बाद अपने गांव आ रहे थे, परिवार के लोग मुरादाबाद से एक थ्री व्हीलर कर वापस अर्धरात्रि के बाद गांव तिबड़ा जा रहे थे। धामपुर नगीना मार्ग पर पीछे से क्रेटा कार ने टक्कर मार दी, जिसमें घायल सभी छह लोगों की उपचार के लिए चिकित्सालय जाते समय मौत हो गई। थ्री व्हीलर चालक अजब सिंह की भी मौत हो गई। हादसे में घायल क्रेटा सवार शेरकोट निवासी सोहेल अल्वी व अमन को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।



लेबनान के बेरूत में हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच चल रही शत्रुता के बीच, एक केंद्रीय पार्क के पास इमारत पर इजरायली हमले के बाद उठता धुआं।

# पथराव, गोलीबारी और भारी बवाल, भीकनपुर में अब तक 2 दलितों की हत्या

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा में ट्रैक्टर निकालने के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। रबूपुरा के भीकनपुर गांव में एक पक्ष के लोगों ने दलित पक्ष पर हमला कर दिया। मारपीट, पथराव और फायरिंग में तीन लोगों को गोली लगी, इनमें एक युवक मौत हो गई। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने कोतवाली में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने 14 नामजद और 12 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नामजद तीन आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। गांव में एक साल से जातिगत नफरत वाली आग सुलग रही थी। एक साल पहले भी एक दलित युवक की हत्या हो चुकी है। ताजा घटना के बाद यह गांव एक बार फिर राजनीति का भी केंद्र बन गया है।पुलिस के मुताबिक, भीकनपुर गांव का दलित शीशपाल ट्रैक्टर लेकर खेत की ओर जा रहा था। आरोप है कि गांव के दूसरे समाज के एक व्यक्ति की गाड़ी सड़क पर खड़ी थी। शीशपाल ने ट्रैक्टर निकालने के लिए सड़क से गाड़ी हटाने के लिए कहा तो दोनों के बीच विवाद हो गया। शीशपाल के पिता विजयपाल आरोपियों के पास शिकायत लेकर पहुंचे तो उन्होंने लोहे की रॉड से वार कर उसका सिर फोड़ दिया। उन्हें बचाने पहुंचे अन्य लोगों पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। कमल, शनि और शरबती गोली लगने से घायल हो गए।

## सुनीता विलियम्स के लिए बड़ा संकटः इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में आ गईं दरारें, कई जगह हुआ लीकेज

**वॉशिंगटन।** बीते कई महीनों से अंतरिक्ष में काम कर रहीं सुनीता बिलियम्स की वापसी को लेकर दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। माना जा रहा था कि अगले साल उनकी धरती पर वापसी हो जाएगी, लेकिन आईएसएस में दरारें और लीकेज ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। यहां पिछले पांच साल से हल्का लीकेज जारी था।

# वैज्ञानिकों की चेतावनीः खत्म हो सकती है मानव सभ्यता, धरती का चुंबकीय क्षेत्र हो रहा कमजोर

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं के अनुसार, भू-चुंबकीय ध्रुवों के पश्चिमी गोलार्ध से पूर्वी गोलार्ध की ओर शिफ्ट होने के कारण पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र कमजोर हो रहे हैं। सूर्य की खतरनाक किरणों से पृथ्वी को बचाने वाली चुंबकीय परत उत्तरी अमेरिका के ऊपर तेजी से कमजोर हो रही है। शोधकर्ता प्रोफेसर हानक्सियन फेंग के अनुसार, 2000 के बाद से उत्तरी अमरीकी चुंबकीय क्षेत्र हर साल औसतन 50 किलोमीटर से भी ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। यह गति दक्षिणी चुंबकीय ध्रुव की गति से काफी अधिक है।

चुंबकीय क्षेत्र का यह परिवर्तन प्राचीन इतिहास में भी अहम रहा है। 2018 में मैक्सिको की नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी के अध्ययन में माया सभ्यता और ईरान-सीरिया में प्राचीन सभ्यताओं के पतन का कारण इसी चुंबकीय क्षेत्र में अचानक हुए परिवर्तन को बताया गया था। वैज्ञानिकों का कहना है कि चुंबकीय क्षेत्र में इस प्रकार का असामान्य बदलाव भविष्य में सूर्य से आने वाली हानिकारक विकिरणों को पृथ्वी की सतह तक पहुंचने का रास्ता दे सकता है। यह न केवल वातावरण में बदलाव ला सकता है बल्कि संचार, नेविगेशन और उपग्रहों के कार्यों पर भी असर डाल सकता है। इसी प्रकार, भविष्य में चुंबकीय क्षेत्र में बड़े बदलाव मानव सभ्यता के लिए खतरे का कारण बन सकते हैं।



## क्या है चुंबकीय क्षेत्र या परत

पृथ्वी के चारों ओर एक अदृश्य परत को चुंबकीय क्षेत्र या मैग्नेटोस्फेयर कहा जाता है। पड़ोसी ग्रह जैसे बुध, शुक्र और मंगल के विपरीत धरती के पास चुंबकीय क्षेत्र के रूप में शक्तिशाली सुरक्षा कवच है। यह कवच हानिकारक ऊर्जा को पृथ्वी से दूर रखकर उन्हें वैन एलन बेल्ट्स नामक दो सुरक्षित क्षेत्रों में फंसा लेता है, जो कि धरती से सुरक्षित दूरी पर हैं। चुंबकीय क्षेत्र की यह रक्षा कवच मंगल और शुक्र जैसे पड़ोसी ग्रहों के विपरीत पृथ्वी पर जीवन की संभावनाओं को संभव बनाता है। अध्ययन में यह चिंता जताई गई है कि चुंबकीय परत में हो रही कमजोरी के चलते भविष्य में पृथ्वी के वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अगर यह जारी रहता है तो इसका असर संचार प्रणालियों, जलवायु परिवर्तन और मनुष्यों के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। वैज्ञानिक इस परिवर्तन पर गहराई से नजर रख रहे हैं ताकि भविष्य में संभावित खतरों का अनुमान आसानी से लगाया जा सके।

## सुविचार



परलोक के काल्पनिक सुख सपनों कि अभिलासा में वर्तमान वास्तविक जीवन एवं संसार को नर्क मत बना देना।

**परमानन्द राठौर गुराड़िया वर्मा**

## लघुकथा

# जाति खतरे में



कॉलेज के बड़े बाबू ने आवाज दी अनन्या चौधरी डॉटर ऑफ रामेंद्र चौधरी.. यस सर! कहते हुए अनन्या ने अपने दस्तावेज की फाइल बड़े बाबू के सामने रख दी। अनन्या की ओर देखकर बड़े बाबू ने मुस्कराते हुए फाइल अपने हाथ में ले लिया और वेरिफिकेशन के लिए डॉक्यूमेंट चेक करने लगे। किन्तु जाति प्रमाण पत्र देखकर बड़े बाबू चौक गए क्योंकि उस पर अनुसूचित जाति लिखा हुआ था। बड़े बाबू को विश्वास नहीं हुआ उन्होंन अनन्या से पूछा अनुसूचित जाति हो। अनन्या ने कहा जी। बड़े बाबू आश्चर्यचकित होते हुए बोले अछा! तत्पश्चात उन्होंने अपने पड़ोस में बैठे दफ्तर के छोटे बाबू की ओर इशारा करते हुए कहा सुन रहे हो चौधरी साहब अब तो अपनी जाति खतरे में आ गई। छोटे बाबू बोले क्या हुआ? बड़े बाबू ने जाति प्रमाण पत्र दिखाते हुए कहा कि अब तो ये लोग भी चौधरी लिख रहे हैं अब तो अपनी जाति की वैल्यू ही खत्म हो गई। इतना कह कर छोटे व बड़े बाबू दोनों मिलकर मुस्कुरा दिए। अब बड़े बाबू कागज फाइल में लगाते हुए अनन्या की तरफ बड़ी ही हेय दृष्टि से देखे जा रहे थे। अनन्या मन ही मन डर गई थी कि शायद यह जाति हमारी डिग्री पूरी भी होने देगी या नहीं।

**एड. रमाकान्त चौधरी**
**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी।**
**उत्तर प्रदेश।**

# मिट्टी के दीये



सुनिये! उत्सव आ रहा है। कह रहा था दशहरा बड़ा फीकाफीका रहा। कहीं आसपास मां दुर्गा की प्रतिमा बना कर पूजा का आयोजन नहीं होता है। तब क्या कर रहा था, दुर्गा पूजा में। करेगा क्या? छुट्टी थी नहीं। अपना काम किया और रात में यहां का दुर्गापूजा को याद किया। ठीक है।इसबार घर को खूब अच्छी तरह से सजाऊंगा। इस मोहल्ले में टॉप रहेगा उत्सव का घर। कह कर रण विजय इस काम में लग गया। तुरंत बिजली दुकान गया , वहां भीड़ थी;उसके छटने के बाद उसने मकान के सजावट के बारे में बात की। दुकानदार ने कहा कि कल नहीं मेरा डिजाइनर, मिस्त्री के साथ परसों जायेगा; घर देखकर तीन प्रारूप देगा। एक के पसंद के बाद काम में लग जायेगा एक सप्ताह में, दिवाली से पूर्व धनतेरस के दिन काम पूरा हो जायेगा। नहीं हमको एकादश के दिन काम पूर्ण चाहिए। अच्छा। पहले आप प्रारूप तो पसंद करें। एक दिन बाद फोन करने पर दो जन आये। मकान देखे, नापी लिये, चाय पानी के बाद चले गये। दूसरे दिन प्रारूप और लागत के साथ आये। तार, बल्ब, रंगीन लाईट,झालर इत्यादि का बहुत चार्ज किया और मजदूरी अलग से। खैर बेटावाली बात, रणविजय ने हामी भरी और दूसरे दिन से काम लग गया। चारपांच दिन आनाजाना लगा रहा। एकादशी के दिन काम पूरा हो गया।धनतेरस के दिन आकर सब बिजली ऑन कर मकान जगमगा देना।

दुर्भाग्य दूसरे दिन बंगाल की खाड़ी से भयंकर तुफान आया। सुनामी के जैसा तुफान। पहले जोरजोर से हवायें चली फिर बारिश हुई। इस तुफान में कई बृक्ष गिरे, कई बिजली के खम्भे भी । उसमें रणविजय के घर के सामने का बिजली का खम्भा भी था। इस बिजली के खम्भा को एक न एक दिन टूटना ही था, सो इसी समय टूट गया,क्योंकि इस पर बिजली के तार के अलावा कई तार थे; जैसे दो केवल के तार, वाई फाई के तार इत्यादि इत्यादि। इस तुफान में पुरे शहर की बिजली दो दिन बंद रही। दिवाली के दिन प्रातः बिजली का संचार नियमित हुआ लेकिन रणविजय का मामला अलग था। इसी समय उत्सव, बहु और पोता के साथ आ गया। गनीमत थी कि पहला तल्ला पर सप्लाई का पानी चढ़ जाता था। सो दिवाली के दिन बहुत प्रयास के बाद भी उसके घर बिजली नहीं आ सका। किसी तरह एक जेनरेटर की भी व्यवस्था हो सकी , परन्तु उसके ठेला गाड़ी के ड्राइवर के जुआ में चिपक जाने से वह आ नहीं सका। फोन करने पर बराबर यही कहता बस पांच मिनट आ रहा हूँ। बारिश रूक गयी थी। संध्या का समय अंधेरा होने लगा।मां जोर से बिगड़ी बिजली,बिजली। इसी के भरोसे रहेगा क्या। दियाबत्ती का समय हो गया।दिवाली में घर अंधकार में रखेगा क्या। जा कर मिट्टी के दीये लेकर आ। उत्सव प्रजापति के घर गया। उसने कहा ले जा जितना चाहिये। पानी में भींगा गया है।बस तेलबत्ती दे कर दिया जला देना है। वह कुछ दिये उपर से भी दे दिये। घर आकर सब मिल कर दीये जलाये और उससे घर सजाये।।बच्चे बम, पटाका,छुरछुरी,रॉकेट छोड़ने लगे। रणविजय ने अंत में धन्यवाद स्वरूप कहा आखिर अंत में मिट्टी के दीये हीं हमारी लाज रखी ।मिट्टी मां होती है, भींगें रहने पर भी हित में कर फैलाती है।

**पंडित चन्द्रशेखर,**
**हजारीबाग।**

# चुटकी-292



हास-परिहास = सप्ताह की प्रमुख ख़बरों पर व्यंग्यकार की चुटकी

हिमाचलप्रदेश सीएम सुक्खू सीआईडी दफ़्तर पहुँचे जहाँ उनके लिए बड़ी होटल से मँगवाए गए केक-समोसे स्टाफ़ को सर्व कर दिए गए। मामले की सीआईडी जाँच।

**जिसको खाना खाइए, सबको पूरी छूट।**
**पर दूजे के माल पर, करे न कोई लूट॥**

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने एक चुनावी सभा में कहा कि बीजेपी ओबीसी वालों को कुत्ता कहती है, अब बीजेपी को कुत्ता बनाने का समय आ गया है।

**ये इनको, अरु वे इन्हें, बना रहे हैं श्वान।**
**आज ज़रूरी है बनें, हम सच्चे इंसान॥**

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से अपराधियों के घर गिराए जाने को असंवैधानिक बताया और कहा कि किसी एक की ग़लती की सज़ा पूरे परिवार को नहीं दे सकते।

**अपराधी को दें सज़ा, करें उसी पर वार।**
**उसके घर पर मत करो, बुलडोजरी प्रहार॥**

नीतीशकुमार ने 8 जून के बाद एक बार फिर दरभंगा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम मोदी के पैर छूए।

**राजनीति का हो गया, ऐसा आज चरित्र।**
**शत्रु नहीं कोई सदा, सदा न कोई मित्र॥**

पृथ्वीराज चव्हाण, अजीत पवार व पंकजा मुण्डे ने %बँटेंगे तो कटेंगे% के नारे पर कहा कि महाराष्ट्र में यह नारा नहीं चलेगा।

**ऐसा नारा दीजिए, हो सबको स्वीकार।**
**नारा देता जीत भी, नारा देता हार॥**

**ओम वर्मा**
100, रामनगर एक्सटेंशन देवास 455001(म.प्र.)
**मोबा. 09302379199**

## कहानी

# फोटो फ्रेम



आज हम अपने तीन बेड वाले बड़े से फ्लैट मे शिफ्ट करने जा रहे थे। पर पता नहीं क्यूँ मेरी आँखों से बहते हुए आँसू रुकने का नाम ही नहीं ले रहे थे। मैं हाथो मे फोटो फ्रेम लिए हुई खड़ी थी । मेरे पति मुझसे कह रहे थे। माधुरी, कार मे बैठो । पहले कुछ जरूरी सामान वहाँ रख देंगे । फिर पैकर्स वालों को बुलवा कर सारा सामान पैक करवा लूँगा । मैं देख रही थी कि ऐसा कहते हुए वो भी भावुक हो जा रहे थे। शायद ये इसलिए कि जिनके कारण हम यह बड़ा घर ले पाये हैं, वो ही हमारे साथ नहीं हैं। यूं तो हमारे पास बहुत ज्यादा सामान भी नहीं था । नोएडा के सेक्टर 18 के दो बेडरूम के एक छोटे से फ्लैट हम पाँच लोग यानी मैं, मेरे पति, हमारी दो बेटियां और मेरे ससूर जी रहते थे। वैसे तो ससुर जी पहले गांव मे ही रहते थे पर पिछले पांच वर्षों से हमारे साथ ही थे। उनके कमरे मे एक चौकी , टेबल कुर्सी, टेबल पर रखी एक सुराही और दीवार पर टंगी हुई एक फोटो फ्रेम मे लगी हुई फोटो थी । ये फोटो मेरी सासु माँ का है । ऐसा नहीं है कि वो फोटोफ्रेम ससुर जी हमेशा अपने साथ रखते थे । वो तो हमारी देवरानी जी ने फरमान जारी किया था , उसे साथ ले जाइयेगा ,इसलिए । उस समय ससुर जी ने कहा भी था कि ये फोटो जहां इज्जत से रखी जाएगी उसी के हिस्से जाएगी। उसपर देवर जी ने कहा , तब तो इसे भैया भाभी को ही दे देजिएगा। फिर ससुर जी ने तुरंत अपने वकील को बुलवा लिया था और अपनी वसीयत लिखने लगे। देवर देवरानी ने लड़ झगड़कर खेत खलिहान के साथ गाँव के मकान को अपने नाम करवा लिया । हमारे हिस्से मे थोड़ी सी खेत की जमीन और ये फोटो आई थी। उस समय तो थोड़ी देर के लिए मुझे भी बहुत बुरा लगा और गुस्सा भी आया था । ये हमे हिस्से मे क्या मिला, फ्रेम मे लगा फोटो ? फिर मैंने सोचा छि- ये मैं क्या सोच रही हूँ । हमारे साथ पिता समान ससुर जी तो रहेंगे। देवर की शादी और फिर सासु माँ के निधन ने घर के माहौल को बादल कर रख दिया था। ।हमारी दोनों बेटियाँ नोएडा के ही स्कूल मे पढ़ती हैं । बड़ी बेटी बारहवीं मे तो छोटी दसवीं कक्षा मे । मेरे पतिदेव भी नोएडा के ही एक कॉलेज में प्रोफेसर हैं। इन्ही सब कारणों से हमने दो बेडरूम का फ्लैट नोएडा में बुक किया था । हालांकि इच्छा तो तीन बेडरूम वाले फ्लैट की थी, पर उसकी कीमत हमारी औकात से बाहर थी । मेरे पति कहते, दो बेडरूम हो या तीन बेडरूम , इस से कुछ नहीं होता । हम जहां भी रहें , खुश रहें । बस इतना होना चाहिए । मुझे लगता , बिलकुल ठीक ही कह रहे हैं। हाँ, हमारे ससुर जी कभी कभार कहते कि बेटा तुम तीन बेडरूम का फ्लैट ही बुक कर लो न। । अब तो मै भी तुम ही लोगों के साथ रहता हूँ। कभी कभार ही गाँव जाता हूँ । मेरी पोतियाँ भी बड़ी हो रही हैं । वो दोनों रात रात भर हाल मे बैठकर पढ़ती हैं । काश उनके लिए भी एक अलग कमरा होता । कभी बच्चियों से कहते , तुमलोग मेरे ही रूम मे बैठकर पढ़ो , मैं सोते समय आँख पर कपड़ा रखकर सो जाऊंगा । लेकिन मुझे लगता कि अपने बूढ़े ससुर को परेशान करना बिलकुल ठीक नहीं। यूं तो मेरे ससुराल का पुश्तैनी घर काफी बड़ा था । पाँच कमरे , बड़ा सा हाल, किचेन , आँगन , बरामदा , गाँव मे खेत खलिहान सब है । हमारा गाँव जिसका नाम मर्यादपुरम है, दिल्ली से आठ दस घंटे की दूरी पर ही है। हमारे ससुर जी गाँव के स्कूल मे प्रिन्सिपल थे। साथ साथ काफी खेत खलिहान भी थे। यूं कह सकते हैं कि एक खाता पीता अच्छा सम्पन्न परिवार है, जिसमे सास-ससुर और उनके दो बेटे , बड़ा बेटा यानि मेरे पतिदेव और छोटा बेटा यानि मेरे देवर जी हैं। मेरे पतिदेव ने दसवीं तक की पढ़ाई उसी स्कूल से की जहां ससुर जी प्रिन्सिपल थे। काफी प्रखर बुद्धि होने के कारण उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली भेजा गया और यहीं से उन्होने एक अच्छे कॉलेज मे उच्च शिक्षा की पढ़ाई और फिर पीएच डी भी पूरी की । फिर दिल्ली के ही एक कॉलेज मे प्रोफेसर हो गए। देवर जी को पढ़ाई लिखाई से ज्यादा दोस्तों के साथ घूमने फिरने , फिल्म देखने जैसी चीजों मे ज्यादा मजा आता था । हमारे ससुर जी ने उन्हें किसी तरह से बी एड करवाया और गाँव के उसी स्कूल मे टीचर की नौकरी लगवा दी । हमारे ससुर जी की एक बहन है । बुआ जी उसी गाँव मे ब्याही गई हैं । उनका एक बेटा है जो पढ़ लिख कर अमेरिका चला गया है। फूफा जी,बुआ का घर हमारे घर से आधे एक घंटे की दूरी पर ही है । बुआ जी हमारे घर आती जाती रहती हैं। वो मेरे सास ससुर की हमेशा तारीफ किया करती थी । कहती थी , यही भैया भाभी मुझे हर जन्म मे मिले। मुझे लगता कि ये ठीक ही बोलती हैं । मेरी सासु माँ भी काफी खुशमिजाज़ किस्म की औरत थीं । मेरी तो जब भी उनसे आँखें मिलती , ऐसा लगता वो हर समय मुस्कुरा ही रही हों । मैंने उन्हें कभी भी किसी से ज़ोर से बोलते या झगड़ते नहीं देखा । मेरे पिता जी सरकारी विभाग मे इंजीनियर थे । मैं शुरू से ही शहर मे पली बढ़ी। मेरी बड़ी बहन की शादी मेरी शादी से तीन साल पहले हो गई थी। वो भी काफी अच्छे घर में ब्याही गई हैं। मेरे माता-पिता भी काफी मिलने जुलने वाले लोग हैं। परिवार मे किसी का भी शादी ब्याह हो, हम सभी जरूर शामिल होते। यूं कह सकते हैं , मैंने भी अपने मायके में काफी भरा पूरा परिवार देखा है। मिलजुल कर रहना , ये सभी कुछ मुझे संस्कार मे मिले हैं। मुझे आज भी याद है , जब मेरी शादी हुई तो विदाई होकर , मैं ससुराल के गाँव मे ही आने वाली थी । चूंकि मेरे पतिदेव उस समय तुरंत नौकरी में आए थे और स्वयं एक पी जी मे रह रहे थे। बोल रहे थे कि पाँच छ- महीने मे किराए का घर ले लूँगा। दहेज मे उन्होने कुछ भी नहीं लिया था। ससुर जी भी पिताजी को बता रहे थे , हो सकता है कुछ महीने आपकी बेटी को हमारे साथ गाँव मे ही रहना पड़े । मेरा बेटा चाहता है कि अपने दम पर ही वह सब करे , मुझसे भी कुछ भी पैसों की कोई मदद नहीं लेना चाहता है ,इसीलिए। तब मेरे पिताजी ने कहा था , मेरी बेटी बहुत संस्कारी है , आप उसे जैसे रखिएगा, रह लेगी। हालांकि मुझे अंदर दिल के एक कोने मे डर भी लग रहा था पर जब विदाई होकर ससुराल के गाँव मे आई तो अपने सास ससुर से असीम प्यार पाकर मुझे ऐसा लगा जैसे ये शायद जरूर पूर्व जन्म मे मेरे माँ पिता रहे होंगे । मुझे उनसे ऐसा लगाव हो गया जिसे मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती। फिर लगभग एक साल के बाद मैं पति के पास दिल्ली आ गई । गांव आना जाना तो लगा ही रहता था। हमारी दो बेटियां हुईं । दोनों बेटियाँ अपने दादा-दादी के आँखों का तारा थीं। वे दोनों भी अपने दादा-दादी पर जान छिड़कती थीं । उन्हे जरा सा भी तकलीफ मे नहीं देखना चाहती थीं । अब गाँव जाने का मन नहीं करता है। समय ने तब करवट लिया जब मेरे देवर जी की शादी हुई । मेरी देवरानी गाँव की ही एक लड़की थी जिसे देवर जी ने अपने माँ पिता की इच्छा के विरुद्ध खुद ही पसंद किया था और फिर शादी भी की। थोड़े दिन तक तो सब ठीक चला फिर बाद मे मेरे देवर देवरानी ने सास ससुर के साथ बहुत बुरा व्यवहार करना शुरू किया । एक दिन पता नहीं कौन सी ऐसी बात हुई थी,जिससे मेरी सासु माँ को ऐसा सदमा लगा कि अचानक उनकी आवाज ही चली गई । केवल उनकी आँखों से झर झर आँसू गिरते रहते। बहुत सारे डॉक्टरों को भी दिखाया गया पर कुछ फायदा नहीं हुआ। सभी यही कहते , कोई गहरा सदमा लगा है। इसके एक महीने के अंदर ही उनकी अचानक मृत्यु हो गई । फिर कुछ दिनों के बाद हम ससुर जी को अपने साथ दिल्ली ले आए। वो भी केवल एक धोती कुर्ता मे , जो वो पहने हुए थे , और सासु माँ का फ्रेम मे जड़े एक फोटो को लेकर आ गए। मैंने उनसे एक दो बार पूछा भी कि पापा जी , माँ जी के फोटो का फ्रेम पुराना हो चला है , लाइये न , इसे नए सुंदर फ्रेम मे लगवा दूँ । वो कहते , नहीं बेटा , मुझे तो वो उसी फ्रेम मे सुंदर लगती हैं। वो फोटो शायद सासु माँ जब शादी कर ससुर जी के साथ घर आई थीं , तभी का लगता है । क्योंकि सासु माँ दुल्हन वाली पोशाक मे हैं इस फोटो मे। एक महीने पहले , एक दिन पता नहीं क्यूँ ससुर जी ने मेरे पति से कहा , बेटा चलो , हम सभी गाँव चलते हैं। पता नहीं क्यों मेरे मन मे बहुत बेचैनी सी हो रही है , गांव जाने की । मेरे पतिदेव ने भी अपने कॉलेज से छुट्टी ले ली और हम सभी गांव आ गए। इस बार ससुर जी ने वो फोटो फ्रेम भी अपने साथ रख लिया था। मेरे पति ने उन्हें बोला भी कि पिताजी इसे यहीं अच्छी तरह से रहने देते हैं , क्यों साथ मे लेकर चलना। इसपर ससुर जी ने सिर्फ इतना ही कहा , इस बार मत रोको , फिर तुम लोगों को ही दे दूंगा। मेरे पतिदेव फिर चुप हो गए। गाँव पहुँच कर ससुर जी ने सबसे पहले अपने वकील को बुलवाया। हमने सोचा , फिर से वकील क्यूँ? पिछली बार तो सब बंटवारा हो ही चुका था। खैर, वकील साहब आ गए, बुआ जी भी हम सभी से मिलने आ गई थीं। ससुर जी ने घर के सभी लोगों को बुलाया । सबके सामने ससुर जी उस फ्रेम को खोलने लगे । यह देख देवरानी ने कहा भी कि बूढ़ा सठिया गया है । ससुर जी ने कुछ नहीं कहा। उन्होने फ्रेम से फोटो निकालकर , फोटो का पिछला भाग वकील को दिखाया । वकील ने उसे देख , उनसे कुछ लिखने और फिर साइन करने को कहा । ससुर जी ने फोटो के पीछे ही कुछ लिखा और फिर अपना साइन भी किया । हम सभी भौचक्के थे कि ये क्या हो रहा है । फिर ससुर जी ने फोटो फुफाजी को देकर कहा ,जरा इसे पढ़कर सब लोगों को सुनाइए और मेरे बड़े बेटे, यानि कि मेरे पति , को दे दीजिये। इसपर देवर जी ने तंज़ कसा, आगे माँ का फोटो है और पीछे उनके हीरो का ऑटोग्राफ है , ले लो। पर जब फुफाजी ने उसे पढ़कर सुनाया तो हम सभी हतप्रभ रह गए क्योंकि उसमे कुछ ऐसा लिखा ही था । माँ के हस्ताक्षर के साथ लिखा हुआ था कि मैं अपने मायके की पूरी जायदाद उसे सौपूंगी जिसे मेरे पतिदेव चाहेंगे । वे उसका नाम इस फोटो के पीछे लिखकर अपना साइन कर देंगे , वो उसी का हो जाएगा । ऐसा इसलिए कि सासु माँ अपने माँ पिता की इकलौती संतान थीं । और नाना जी बहुत बड़े जमींदार थे। उन्होने अपनी पूरी जायदाद अपनी बेटी यानि कि मेरी सासु माँ के नाम लिख दिया था । नाना नानी की किसी एक्सीडेंट मे मृत्यु हो गई थी , इसलिए घर में इस संपत्ति की कोई चर्चा नहीं होती। सासु माँ दुखी हो जाती थीं। ससुर जी ने भी उस धन को अपने पर बिलकुल खर्च नहीं किया। यह करोड़ों की संपत्ति थी । फूफाजी ने जब नाम के स्थान पर मेरे पतिदेव और मेरा नाम पढ़ा तो हम भी दंग रह गए। मेरे पतिदेव के हाथों मे वो वसीयत देते हुए ससुर जी ने कहा , इस से ज्यादा अच्छे हाथ मे ये जा नहीं सकता। बेटा, मैंने इस प्रॉपर्टी को खरीदने वाले का सब इंतजाम कर लिया है। यहाँ से लौटते ही ,मेरी इच्छा है कि , तुम तुरंत तीन बेडरूम का फ्लैट बुक कर उसमे शिफ्ट हो जाना । इतना कहकर पता नहीं क्या हुआ , कुर्सी पर बैठते ही उन्होने दम तोड़ दिया ।

उनकी तेरहवीं और श्राद्ध कर्म खत्म कर हमने दिल्ली पहुंचते ही उनकी इच्छानुसार तीन बेडरूम का फ्लैट खरीदा । आज हम उसमे ही शिफ्ट होने जा रहे हैं । पर पता नहीं क्यों ससुर जी के बिना कोई उत्साह ही नहीं लग रहा है। अब उसी फ्रेम मे हमने सासु माँ के फोटो के साथ ससुर जी का भी फोटो लगाया है। उस फोटो फ्रेम को मैंने अपने माथे से लगाया और कार मे बैठ गई।

**सीमा वर्मा**
**वरिष्ठ सदस्य ,सृजन**
**विशाखापट्नम**

## कहानी

# भरोसा



राधेश्यामजी को इस मोहल्ले में रहते हुए चार साल से अधिक समय हो गया है।

शाम के समय उनकी गली में लोगों की चहल पहल थोडी कम हो जाती है और रात नौ दस बजे बाद सुबह तक सन्नाटा सा छा जाता है, पर आज तक किसी के यहां भी चोरी जैसी कोई वारदात हुई हो, ऐसा सुनने मे कभी नही आया। उस दिन तो गजब ही हो गया। राधेश्यामजी अपने दोस्त इन्दर के यहां पत्नी के साथ रात का भोजन करने गये थे और जब लौट कर आये तो मालूम पडा कि उनके घर मे चोरी हो गयी है। इन्दर का मकान चार - छः मकान छोड़ उसी गली में है। उस दिन, उसने उन्हें खाने पर ही बुलाया था तो वे यह सोच कर कि घंटे - डेढ घंटे में वे वापस आ जायेंगे उसका आग्रह टाल ना सके और घर पर ताला लगा, पत्नी सहित उसके यहां चले गये। उन्हें क्या मालूम था कि खाना खाने जाने पर, उन पर ऐसी मुसीबत आ जायेगी। सोचने वाली बात यह थी कि जिसने भी यह काम किया था उसे पक्का पक्का मालूम था कि वे दोनों मियां बीबी शाम को इन्दर के यहां जाने वाले हैं और वहां उन्हें दो - एक घंटे तो जरूर लगना है। राधेश्याम ने किसी को खाने पर जाने वाली बात बताई नही थी। उन्होंने जब श्रीमतीजी से पूछा कि तुमने किसी से जाने की बात कही थी क्या?... पहले तो वे मना करती रही पर थोड़ी देर बाद कहने लगी कि इन्दरजी के यहां जाने की बात दोपहर मे आई, काम वाली बाई से कही थी। यह सुन राधेश्यामजी को शक होने लगा कि हो ना हो इस चोरी वाले काम में उस बाई के साथ और किसी का भी हाथ है। अपने इसी शक को राधेश्याम ने अपने पुलिस वाले मित्र पांडेजी को बताया। पांडेजी ने अपनी जाँच मे शुरू में थोड़ी नरमाई और फिर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच्चाई उगल दी। पता चला कि राधेश्यामजी और उनकी पत्नी के इन्दर के यहां जाने के बाद काम वाली बाई के आदमी ने ताला लगे घर में बड़ी सफाई से चोरी को अंजाम दिया था।

राधेश्यामजी की सूझबूझ से जल्दी चोरी के आरोपी को पकड़ लिया पर गलती तो उनकी पत्नी की थी, जिसने भरोसा कर काम वाली बाई से अपने खाना खाने जाने की बात साझा की, जो लम्बे समय से उनके यहां काम रही थी।

**नरेश कानूनगो, शोभना,**
**राजाराम नगर, देवास.**

# राजनैतिक दल बताएं कि मुफ्त योजनाओं का धन आयेगा कहां से

## कहानी

कुछ राज्यों में चुनाव हो चुके हैं तो कुछ में चुनाव जारी हैं। मतदाताओं को लुभाने के हर राजनैतिक दल के पास अलग अलग हथकंडे हैं। परन्तु एक हथकंडा सभी दल समान रूप से अपनाते हैं। वे जानते हैं कि गरीबी, बेरोजगारी, बेकारी जैसी समस्याएं बाबा आदम के जमाने से हैं, और रहेंगी। इसलिए उनका सबसे पहला लक्ष्य इन्हें साधना है। इनके लिए रोजगार के अवसर, बेरोजगारी भत्ता जिसके लिए अब 9000 रुपए मासिक तक का दांव लग चुका है। लड़कियों को 2100 रुपए से 3000 रुपए, वृद्धावस्था पेंशन 6000 रुपए तक देने के वादे किए जा रहे हैं। लाखों के हिसाब से नौकरियां देने का वादा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मुफ्त राशन तक का लालच दिया जा रहा है। ये वादे करते समय कोई भी राजनैतिक दल इस बात का खुलासा नहीं करता कि वह इन मुफ्त की योजनाओं को अमलीजामा कैसे पहनाएगा? कोई नहीं बताता कि इसके लिए उनके पास क्या योजना है? चुनाव लड़ने वाले सभी प्रतिनिधि अपनी चल अचल संपत्ति का जो विवरण देते हैं, उससे यह तो नहीं लगता कि वे इन योजनाओं में पैसा अपना घर फूंक कर लगा सकते है। फिर भी वे अधिकारपूर्वक ऐसी घोषणाओं को करने में जरा भी संकोच नहीं करते। वे जिन राजनैतिक दलों से संबंध रखते हैं कमोबेश सभी राजनैतिक दलों की ऐसी ही स्थिति रहती है। इन राजनैतिक दलों की, इन योजनाओं को लागू करने के लिए आवश्यक धनराशि कहां से आएगी, इस पर शायद ही कोई स्पष्टता होती है। क्या राजनीतिक दलों के पास इन वादों के लिए वित्तीय प्रबंधन का कोई ठोस खाका होता है, या फिर ये वादे केवल जनता को लुभाने के लिए किए जाते हैं? यह स्पष्ट है कि कोई भी राजनैतिक दल इन सभी योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए अपनी निजी संपत्ति का प्रयोग नहीं करेगा। इसके लिए उनकी नजरें हमेशा राज्य के खजाने पर गड़ी रहती हैं अथवा वे इसके लिए अन्य उचित अनुचित स्रोतों का सहारा लेते हैं। वास्तव में, इन योजनाओं के लिए धन का सबसे बड़ा स्रोत जनता द्वारा दिया गया कर, विशेष रूप से आयकर और अन्य अप्रत्यक्ष कर होते हैं। करदाता अपनी मेहनत की कमाई का एक हिस्सा इसलिए देते हैं ताकि देश का समग्र विकास हो, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाए, और दीर्घकालिक योजनाओं में निवेश हो।

लेकिन जब इन धनराशियों का उपयोग मुफ्त योजनाओं और




तात्कालिक लाभ के लिए किया जाता है, तो इसका सीधा असर देश की विकास गति पर पड़ता है। जहां ऐसी योजनाएं देश की विकास गति को पंगु बनाती हैं, वहीं ये योजनाएं इनका फायदा उठाने वालों को कामचोरी और निष्क्रियता की ओर धकेल देती हैं। इस संदर्भ में एक प्रसंग याद आता है कि एक हट्टा कट्टा भिखारी जब एक भद्र पुरुष के घर भिक्षा मांगने जाता है तो वह भद्र पुरुष उसे कुछ काम करके कमाने की सलाह देता है। परन्तु वह काम न मिलने का बहाना बनाता है तो भद्र पुरुष उससे कहता है कि उसके खेत पर उसे काम मिल जाएगा और वह उसे एक दिन काम करने के 400 रुपए देगा। वह भिखारी तपाक से बोला,तू मेरे साथ चल मै तुझे 800 दूंगा। जिसे बिन किए ही इतनी आमदनी हो जाए तो फिर वह काम क्यों करेगा? ये मुफ्त की योजनाएं भी तो देश की जनता को भिखारी बना रही हैं। लोग काम करके क्यों कमाना चाहेंगे यदि उन्हें मुफ्त में ही इतना कुछ मिल जाएगा। इन लोकलुभावन योजनाओं का उद्देश्य अक्सर केवल चुनावी लाभ होता है, जबकि दीर्घकालिक परिणामों की परवाह नहीं की जाती। इनसे देश की अर्थव्यवस्था पर बड़ा वित्तीय बोझ बढ़ता है। क्या राजनीतिक दल यह नहीं समझते कि मुफ्त योजनाएं भी उतना ही बड़ा वित्तीय भार हैं, जितना कि वे सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन को मानते हैं? यह विडंबना ही है कि जो कर्मचारी अपने जीवन का सबसे अच्छा समय देश की सेवा में व्यतीत करते हैं, उनकी पेंशन को वित्तीय बोझ कहकर समाप्त कर दिया जाता है। लेकिन यही सरकारें चुनावी लाभ के लिए मुफ्त योजनाओं पर भारी-भरकम खर्च करती हैं। क्या यह तर्कसंगत है कि जो धन पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में लगना चाहिए, वह मुफ्त राशन और भत्तों पर खर्च किया जाए? देश के आर्थिक विकास के लिए जरूरी है कि करदाताओं के पैसे का उपयोग सही दिशा में किया जाए। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाए, जो समाज को सशक्त बनाते हैं और आर्थिक प्रगति की नींव रखते हैं। सभी के लिए शिक्षा और सभी के लिए स्वास्थ्य जैसी नीतियां न केवल देश की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करती हैं, बल्कि समाज में असमानता को भी कम करती हैं। मुफ्त योजनाओं का बढ़ता चलन न केवल देश में निवेश को हतोत्साहित करता है, बल्कि दीर्घकालिक विकास की संभावनाओं को भी कमजोर करता है। परिणामस्वरूप, देश केवल एक विकासशील देश बनकर रह जाता है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ता चला जाता है।इस समस्या का समाधान जिम्मेदार शासन और ठोस नीति-निर्माण में है। राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके वादे व्यावहारिक और वित्तीय रूप से टिकाऊ हों।

इसके साथ ही, जनता को भी जागरूक होना चाहिए और राजनीतिक दलों से यह सवाल करना चाहिए कि उनके वादों को पूरा करने के लिए धन कहां से आएगा। सर्वोच्च न्यायालय को भी इस पर संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे लोकलुभावन वादों पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। देश के संसाधनों का उपयोग केवल दीर्घकालिक विकास और जनहितकारी योजनाओं में होना चाहिए, न कि तात्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए। यह समय की मांग है कि हम एक ऐसी सोच विकसित करें, जहां राजनीति और विकास का संतुलन हो, और देश सही मायनों में प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।

**बलदेव राज भारतीय**
**असगरपुर (यमुनानगर)**
**पिन 133204**
**मोबाइल-8901006901**

# 151 श्रद्धालुओं का दल मथुरा वृंदावन यात्रा के लिए हुआ रवाना



**इन्दौर** 7 दिवसीय मथुरा-वृंदावन यात्रा और श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने के लिए संस्था जय दशा माता के सौजन्य से 151 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। संस्था के अंकित मालवीय के अनुसार मुख्य यजमान नर्मदा मालवीय, विश्व ब्राह्मण संघ के पं. योगेंद्र महंत, बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, समाजसेवी वीरेंद्र गुप्ता, महामंडलेश्वर पवन दास महाराज, देवेंद्र तिवारी दास बगीची के सहयोग से यात्रा संपन्न करवाई जा रही है। मथुरा में श्रद्धालुओं को भागवत आचार्य पं. संजय व्यास कथा श्रवण करवाएंगे। वही सम्पूर्ण आयोजन में आचार्य पं. राजेश शास्त्री, गौरव शर्मा, सौरभ शर्मा, निशांत शर्मा, राजेश व्यास का विशेष सहयोग रहेगा। ज्ञात हो कि संस्था जय दशा माता बीते कई सालों से दिव्यांग निर्धन श्रद्धालुओं को निःशुल्क तथा अन्य को नाममात्र शुल्क पर यात्राएं करा रही है।

# सिका के बच्चों ने किए गुरुद्वारे के दर्शन



नैतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए सिका प्री-प्राइमरी स्कूल, स्किम नंबर 78 ने छोटे बच्चों के लिए गुरुद्वारा की सैर का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य आशीर्वाद प्राप्त करना और बच्चों को पवित्र स्थानों से परिचित कराना था। सीढ़ियाँ चढ़ने से पहले शिक्षकों सहित सभी बच्चों ने अपने हाथ-पैर धोये। बच्चों ने सिखों की पवित्र पुस्तक ग्रंथ साहिब के सामने सिर झुकाया। मुख्य पुजारी ने बच्चों को जानकारी दी। उसके बाद छोटे बच्चों को मीठा कड़ा प्रसाद दिया गया। प्रसाद का अनोखा स्वाद चखा बच्चों को बहुत पसंद आया।प्रधानाध्यापिका श्रीमती स्वाति जैन ने कहा कि इस भ्रमण से छोटे बच्चों को यह समझाया गया कि उन्हें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए।

# मधुमेह से बचाव: उचित जीवनषैली एवं संतुलित आहार



**इन्दौर** शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय के जीवरसायन विभाग विभाग एवं केयर सी.एच.एल. हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में द्वारा ÷विष्व मधुमेह दिवस÷ मनाया गया। जिसके अन्तर्गत निःषुल्क ब्लड शुगर टेस्ट एवं व्याख्याान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. संदीप जुल्का, प्रसिद्ध एंडोकाइनोलॉजिस्ट ने छात्र छात्राओं को मधुमेह, व्यायाम एवं स्वास्थ्य संबंधी तथ्यों से अवगत कराया। जिसमें उन्होंने बताया कि मधुमेह बीमारी, अनियमित जीवन शैली, असंतुलित आहार, मानसिक तनाव एवं शारीरिक निष्क्रियता के कारण बढ़ रही हैमधुमेह बीमारी में शरीर की कौषिकाएं ग्लूकोज का उपयोग करने में विफल रहती है। जिससे रक्त में ग्लूकोज का स्तर बढ़ जाता है। परिणामस्वरूप हृदय संबंधी समस्या, त्वचा संक्रमण, किडनी संक्रमण एवं अन्य अंगों से संबंधित जटिलताएं उत्पन्न होती है। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. दिनेष खंडेलवाल, शासीय निकाय के अध्यक्ष डॉ. एम.एम.पी. श्रीवास्तव एवं प्राषासनिक अधिकारी डॉ. नागेष डगांवकर ने कार्यक्रम आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। सम्पूर्ण कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. अनामिका जैन, प्राचार्य शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर, जीवरसायन विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ. अंगूरबाला बाफना एवं प्राध्यापक डॉ. तसनीम रंगवाला, प्रो. शीतल उइके, डॉ. भावना शर्मा, प्रो. विनी विनायका प्रों. सौम्या जैन, प्रो. ग्रीषा ठाकरे, प्रो. अमृता पी. नायर के मार्गदर्षन में कराया गया एवं लक्की यादव, सोनम विश्वकर्मा, सपना जयंत, जया धीरज, राजेष मालवीय और लखन भाभर भी उपस्थित रहें।

# 29 जोड़ी ट्रेनों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त कोच की सुविधा

**इंदौर** यात्रियों की सुविधा एवं मांग को ध्याान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर परिचालित की जा रही 29 जोड़ी ट्रेनों में अस्थाीई रूप से अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्धल करवाई जा रही है। अतिरिक्ता कोच की सुविधा उपलब्धय करवाई जाने वाली ट्रेनों का विवरण निम्नांनुसार है– 20 एवं 27 नवम्बीर को बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्याच 22917 बान्द्रा टर्मिनस हरिद्वार एक्स?प्रेस में तथा 21 एवं 28 नवम्बंर को हरिद्वार से चलने वाली गाड़ी संख?या 22918 हरिद्वार बान्द्रा टर्मिनस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्त? कोच लगेगा। 16 से 30 नवम्बीर तक बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्यारा 20921 बान्द्रा टर्मिनस लखनऊ एक्सीप्रेस में तथा 17 नवम्बार से 01 दिसम्बसर तक लखनऊ से चलने वाली गाड़ी संख्याच 20922 लखनऊ बान्द्रा टर्मिनस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्तग कोच लगेगा। 15 से 29 नवम्बीर तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्याल 20957 इंदौर नई दिल्लीस एक्सनप्रेस में तथा 16 से 30 नवम्बार तक नई दिल्लीर से चलने वाली गाड़ी संख्यां 20958 नई दिल्लीा इंदौर एक्सवप्रेस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्त कोच लगेगा। 19 एवं 26 नवम्बीर को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्याल 20932 इंदौर कोच्चीवेली एक्सबप्रेस में तथा 22 एवं 29 नवम्बार को कोच्ची9वेली से चलने वाली गाड़ी संख्या् 20931 कोच्ची वेली इंदौर एक्स?प्रेस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्त? कोच लगेगा। 17 एवं 24 नवम्बीर को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्याल 19337 इंदौर दिल्ली् सरायरोहिल्ला? एक्स प्रेस में तथा 18 एवं 25 नवम्बेर को दिल्ली सरायरोहिल्लाल से चलने वाली गाड़ी संख्यान 19338 दिल्लीख सरायरोहिल्ला इंदौर एक्स?प्रेस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्त कोच लगेगा। 15 से 30 नवम्ब्र तक डॉ अम्बे2डकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्यां 12919 डॉ अम्बेवडकर नगर श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा एक्स प्रेस में तथा 17 नवम्बॉर से 02 दिसम्ब्र तक श्रीमातावैष्णोरदेवी कटड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्यां 12920 श्रीमाता वैष्णो्देवी कटड़ा डॉ. अम्बेपडकर नगर एक्सीप्रेस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्तक कोच लगेगा। 21 एवं 28 नवम्बेर को डॉ. अम्बेडकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्यान 19305 डॉ. अम्बेडकर नगर कामाख्या. एक्सरप्रेस में तथा 24 नवम्बथर एवं 01 दिसम्बहर को कामाख्यार से चलने वाली गाड़ी संख्या् 19306 कामाख्याब डॉ. अम्बेबडकर नगर एक्सखप्रेस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्त कोच लगेगा। 19 एवं 26 नवम्बेर को डॉ. अम्बेडकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्यान 12923 डॉ अम्बेवडकर नगर नागपुर एक्सअप्रेस में तथा 20 नवम्बार एवं 27 नवम्ब र को नागपुर से चलने वाली गाड़ी संख्याख 12924 नागपुर डॉ. अम्बे डकर नगर एक्सुप्रेस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्त1 कोच लगेगा । 16 से 30 नवम्बेर तक गांधीधाम से चलने वाली गाड़ी संख्या912937 गांधीधाम हावड़ा एक्स?प्रेस में तथा 18 नवम्बार से 02 दिसम्बगर तक हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्याा 12938 हावड़ा गांधीधाम एक्स?प्रेस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्ती कोच लगेगा। 15 नवम्बसर से 29 नवम्ब र तक सूरत से चलने वाली गाड़ी संख्याड 19053 सूरत मुजफ्फरपुर एक्सएप्रेस में तथा 17 नवम्बवर से 01 दिसम्बसर तक मुजफ्फरपुर से चलने वाली गाड़ी संख्याा 19054 मुजफ्फरपुर सूरत एक्स्प्रेस में स्ली पर श्रेणी का एक अतिरिक्त1 कोच लगेगा। 19 नवम्बफर से 31 दिसम्बंर तक उधना से चलने वाली गाड़ी संख्याा 20961 उधना बनारस एक्स प्रेस में एवं 20 नवम्बूर से 01 जनवरी, 2025 तक बनारस से चलने वाली गाड़ी संख्याल 20962 बनारस उधना एक्स प्रेस में स्ली2पर श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगेगा। 15 से 30 नवम्बलर तक बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्याा 19019 बान्द्रा टर्मिनस हरिद्वार एक्स?प्रेस में तथा 16 नवम्बकर से 01 दिसम्ब र तक देहरादून से चलने वाली गाड़ी संख्याज 19020 हरिद्वार बान्द्रा टर्मिनस एक्स प्रेस में थर्ड एसी के दो अतिरिक्तह कोच लगेंगे।

17 से 27 नवम्बलर तक बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्याा 12907 बान्द्रा टर्मिनस निजामुद्दीन एक्सदप्रेस में तथा 18 से 28 नवम्ब र तक निजामुद्दीन से चलने वाली गाड़ी संख्याा 12908 निजामुद्दीन बान्द्रा टर्मिनस एक्सदप्रेस में थर्ड एसी के दो अतिरिक्त कोच लगेंगे।

19 से 30 नवम्बलर तक बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्यान 22901 बान्द्रा टर्मिनस उदयपुर सिटी एक्स प्रेस एवं 20 नवम्बकर से 01 दिसम्ब र तक उदयपुर सिटी से चलने वाली गाड़ी संख्यान 22902 उदयपुर सिटी बान्द्रा टर्मिनस एक्सदप्रेस में में थर्ड एसी का एक अतिरिक्तउ कोच लगेगा। 15 से 30 दिसम्बनर तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्याम 12962 इंदौर

मुम्ब।ई सेंट्रल एक्सदप्रेस में तथा 18 नवम्बसर से 03 दिसम्ब9र तक

मुम्ब।ई सेंट्रल से चलने वाली गाड़ी संख्या 12961 मुम्बाई सेंट्रल इंदौर एक्सबप्रेस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्त? कोच लगेगा।

17 नवम्बपर से 29 दिसम्बदर तक डॉ. अम्बेवडकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 19301 डॉ. अम्बेबडकर नगर यशवंतपुर एक्सेप्रेस में तथा 19 नवम्बकर से 31 दिसम्ब3र तक यशवंतपुर से चलने वाली गाड़ी संख्यार 19302 यशवंतपुर डॉ. अर्म्बेडिकर नगर एक्सयप्रेस में थर्ड एसी का एक अतिरिक्त1 कोच लगेगा।

15 से 29 नवम्बरर तक बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्या 20941 बान्द्रा टर्मिनस गाजीपुर सिटी एक्स प्रेस में तथा 17 नवम्बकर से

01 दिसम्बनर तक गाजीपुर सिटी से चलने वाली गाड़ी संख्याख 20942 गाजीपुर

सिटी बान्द्रा टर्मिनस एक्स प्रेस में थर्ड एसी के दो अतिरिक्त2 कोच

लगेंगे। 18 एवं 25 नवम्बकर को बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्याज 22933 बान्द्रा टर्मिनस जयपुर एक्सेप्रेस में तथा 19 एवं 26 नवम्बसर को जयपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या् 22934 जयपुर बान्द्रा टर्मिनस एक्सरप्रेस में थर्ड एसी के दो अतिरिक्तज कोच लगेंगे। 15 से 30 नवम्बकर तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या। 22944 इंदौर दौंड एक्स प्रेस में एवं 16 नवम्बेर से 01 दिसम्बरर तक दौंड से चलने वाली गाड़ी संख्या् 22943 दौंड इंदौर एक्सबप्रेस में स्लीदपर श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगेगा। 17 नवम्बंर से 02 दिसम्बरर तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्यां 19315 इंदौर असरवा एक्स प्रेस में एवं 18 नवम्बेर से 03 दिसम्ब्र तक असरवा से चलने वाली गाड़ी संख्यां 19316 असरवा इंदौर एक्स प्रेस में स्लीापर श्रेणी का एक तिरिक्तय कोच लगेगा। 18 से 25 नवम्बेर तक अहमदाबाद से चलने वाली गाड़ी संख्या 12917 अहमदाबाद निजामुद्दीन एक्सबप्रेस में एवं 16 से 30 नवम्बेर तक निजामुद्दीन से चलने वाली गाड़ी संख्या् 12918 निजामुद्दीन अहमदाबाद एक्समप्रेस में स्लीवपर श्रेणी के दो अतिरिक्तद कोच लगेंगे। 15 से 29 नवम्बलर तक एकता नगर से चलने वाली गाड़ी संख्यो 20945 एकता नगर निजामुद्दीन एक्स?प्रेस में एवं 16 से 30 नवम्बवर तक निजामुद्दीन से चलने वाली गाड़ी संख्याल 20946 निजामुद्दीन एकता नगर एक्स?प्रेस में स्लीमपर श्रेणी के दो अतिरिक्तन कोच लगेंगे। तत्कुाल प्रभाव से 30 नवम्बतर तक बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्याद 19037 बान्द्रा टर्मिनस बरौनी एक्स?प्रेस में एवं तत्कीालप्रभाव से 03 दिसम्बलर तक बरौनी से चलने वाली गाड़ी संख्याख 19038 बरौनी बान्द्रा टर्मिनस एक्स?प्रेस में थर्ड एसी के दो अतिरिक्तय कोच लगेंगे। 25 नवम्ब्र को बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्याख 22915


बान्द्रा टर्मिनस हिसार एक्सदप्रेस में एवं 26 नवम्बोर को हिसार से चलने वाली गाड़ी संख्यास 22916 हिसार बान्द्रा टर्मिनस एक्सबप्रेस में स्लीापर श्रेणी के दो अतिरिक्तब कोच लगेंगे। 21 एवं 28 नवम्बोर को बान्द्रा टर्मिनस से चलने वाली गाड़ी संख्यार 22975 बान्द्रा टर्मिनस रामनगर एक्स?प्रेस में तथा 22 एवं 29 नवम्बंर को रामनगर से चलने वाली गाड़ी संख्या् 22976 रामनगर बान्द्रा टर्मिनस एक्सगप्रेस में स्ली पर श्रेणी के दो अतिरिक्त कोच लगेंगे। 20 एवं 27 नवम्बोर को अहमदाबाद से चलने वाली गाड़ी संख्याख 19413 अहमदाबाद कोलकाता एक्स?प्रेस तथा 23 एवं 30 नवम्बार को कोलकाता से चलने वाली गाड़ी संख्याम 19414 कोलकाता अहमदाबाद एक्समप्रेस में स्लीकपर एवं थर्ड एसी के एक-एक अतिरिक्त कोच लगेंगे। . 24 नवम्बसर को अहमदाबाद से चलने वाली गाड़ी संख्या् 19421 अहमदाबाद पटना एक्स?प्रेस एवं 26 नवम्बकर को पटना से चलने वाली गाड़ी संख्यान 19422 पटना अहमदाबाद एक्सअप्रेस में स्लीकपर एवं थर्ड एसी के एक-एक अतिरिक्त कोच लगेंगे। 26 नवम्बटर को इंदौर से चलने वाली गाडी संख्याख 19320 इंदौर वेरावल एक्सिप्रेस एवं 27 नवम्बपर को वेरावल से चलने वाली गाड़ी संख्यार 19319 वेरावल इंदौर एक्सकप्रेस में स्लीकपर श्रेणी का एक अतिरिक्ती कोच लगेगा।

23 एवं 30 नवम्बोर को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या3 19333 इंदौर बीकानेर एक्स3प्रेस तथा 24 नवम्ब्र एवं 01 दिसम्बडर को बीकानेर से चलने वाली गाड़ी संख्या् 19334 बीकानेर इंदौर एक्सशप्रेस में स्लीकपर श्रेणी

का एक अतिरिक्त? कोच लगेगा।

### स्वर्णिम सपनों की उड़ान: जहां वंचित बच्चों ने रचा इतिहास

# घरेलू कामगारों के बच्चों ने मनाया बाल दिवस: उत्साह और आनंद का अनूठा संगम





**इंदौर** बाल दिवस के अवसर पर एक अनूठा और प्रेरणादायक कार्यक्रम देखने को मिला। मध्य प्रदेश घरेलू कामकाजी संगठन (एम.पी.डी. डब्ल्यू.एम.) द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में शहर की विभिन्न बस्तियों से आए 350 से अधिक बच्चों और महिलाओं ने भाग लिया। सेंट रफायल स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम ने साबित किया कि प्रतिभा किसी वर्ग विशेष की बपौती नहीं होती। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उच्च न्यायालय के प्रतिष्ठित अधिवक्ता डॉ. उमेश मंसोरे ने अपने जीवन के संघर्षों की कहानी साझा करते हुए बच्चों में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से वे आज इस मुकाम पर पहुंचे। डॉ. मंसोरे मनशोरे ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा, ÷शिक्षा वह चाबी है जो जीवन के हर बंद दरवाजे को खोल सकती है। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं ने बच्चों की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया। नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। संगठन की सराहना जनमानस ने की ओर कार्यक्रम को संगठन की एक सराहनीय पहल बताया। एम.पी.डी. डब्ल्यू .एम. पिछले कई वर्षों से घरेलू कामगारों और उनके परिवारों के उत्थान के लिए कार्यरत है।

## दिगंबर जैन समाज का परिचय सम्मेलन 5 जनवरी को

**इन्दौर** स्थानीय एरोड्रम रोड स्थित नृसिंह वाटिका पर 5 जनवरी को श्री भारतवर्षीय खंडेलवाल दिगम्बर जैन महासभा के तत्वावधान में दिगंबर जैन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित जाएगा। अध्यक्ष शेखर छाबड़ा, महामंत्री सनत गंगवाल एवं प्रेमचंद काला के अनुसार इस युवक-युवती परिचय सम्मेलन में सभी समाज बंधुओं के साथ अन्य शहरों के समाज बंधु और पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस परिचय सम्मेलन में आने वाले सभी प्रत्याशियों एवं अभिभावकों को एक ही स्थान पर युवक-युवतियों को जानने का मौका मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष संदीप जैन, कमलेश कासलीवालने बताया कि परिचय सम्मेलन की तैयारियों का दौर जारी है। अभी तक 100 से अधिक प्रविष्टियां महासभा को मिल चुकी है। परिचय सम्मेलन के दौरान बहुरंगी स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के अंतरराष्ट्रीय अति. महासचिव ब्रह्माकुमार करुणा भाई तीन दिनी इंदौर प्रवास पर



**इंदौर**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव एवं मीडिया विंग के अध्यक्ष ब्रह्माकुमार करुणा भाई तीन दिवसीय प्रवास पर शनिवार को इंदौर आए। इस दौरान वे शहर में आयोजित विभिन्न आयोजनों में भाग। इंदौर प्रवास के दौरान ब्रह्माकुमार करुणा भाई का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ब्रह्माकुमारी मीडिया विंग के प्रदेश संयोजक ब्रह्माकुमार आशीष गुप्ता ने बताया कि रविवार 17 नवंबर 2024 को प्रातः 11 बजे ओम शांति भवन, न्यू पलासिया में मीडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन का शुभारम्भ ब्रह्माकुमार करुणा भाई करेंगे। कार्यक्रम की विशेष अतिथि ब्रह्माकुमारी संस्थान की मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ की प्रमुख इंदौर जोन इंचार्ज ब्रह्माकुमारी डॉ आरती दीदी होंगी। कार्यक्रम में अमेरिका से आयी ब्रह्माकुमारी मेघना बहन पत्रकारों को 'आध्यात्मिक सशक्तिकरण से मानसिक व बौद्धिक विकास' विषय व्याख्यान देंगी। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से संभागायुक्त दीपक सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा, मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे, पूर्व कुलपति डॉ. मानसिंह परमार, अर्जुन चंदेल, स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक आशीष गुप्ता, पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ. गौतम कोठारी, ओमशांति मीडिया के संपादक बीके गंगाधर शामिल होंगे। करुणा भाई के मुख्य आतिथ्य में शाम 5 बजे ब्रह्माकुमारी आश्रम मांगलिया में नये मेडिटेशन हॉल का उदघाटन एवं शाम 6 बजे ग्राम सुल्लाखेड़ी ब्रह्माकुमारी सेंटर में ग्राम विकास अभियान के साथ दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमार करुणा भाई का शहर की विभिन्न संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। मंगलवार, 19 नवंबर को प्रातः 11 बजे से ब्रह्माकुमार करुणा भाई इंदौर शहर के मीडिया संस्थानों के प्रबंध सम्पादक एवं संपादकों के साथ होटल सरोवर पोर्टिको में मीडिया से जुड़े विषयों पर विशेष परिचर्चा करेंगे। करुणा भाई शाम 4 बजे सिलिकॉन सिटी में सामुदायिक विकास के लिए पीथमपुर औद्योगिक संगठन एवं ब्रह्माकुमारी के संयुक्त 10 वर्षीय पायलट प्रोजेक्ट के लोकार्पण समारोह में भी शामिल होंगे।

# भारतीय स्टेट बैंक के पेंशनर्स एसोसिएशन के भोपाल वृत्त की प्रबंधक समिति की बैठक सम्पन्न



**इंदौर** भारतीय स्टेट बैंक के पेंशनर्स एसोसिएशन के भोपाल वृत्त की प्रबंधक समिति की बैठक बैंक के माणिक बाग इंदौर स्थित ज्ञानार्जन केंद्र में आयोजित की गई। इसमें वृत्त के विभिन्न नगरों, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ के रायपुर के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। उन्होंने संस्था के सदस्यों के सम्मुख आ रही विभिन्न समस्याओं के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया। इन समस्याओं का समाधान भी खोजा गया।

मुख्य समस्या चिकित्सा संबंधी एवं औषधि प्राप्ति में आ रही कठिनाई, यह पाया गया।इस विषय में समग्र विवेचना की गई और बैंक के शीर्ष प्रबंधन को इस समस्या से अवगत किए जाने का निर्णय लिया गया। संगठन के सदस्यों को इस महिने में जीवन प्रमाण पत्र तुरंत प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया ताकि उन्हें पेंशन का भुगतान अबाधित रुप से होता रहे।

संगठन के महासचिव श्री जी. के . गांधी ने प्रतिनिधियों को उनकी शाखाओं की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से संचालित करने के विषय में दिशा-निर्देश दिए गए।

संगठन के अध्यक्ष श्री खरे ने केंद्र के प्रभारी, प्रतिनिधियों एवं बैठक के सफल संचालन के लिए संबंधित स्टाफ को धन्यवाद दिया।

## 2 साल में ही कर सकेंगे ग्रेजुएशन

**इंदौर** । अब आपको दो साल में ग्रेजुएशन डिग्री मिल सकती है। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ग्रेजुएशन प्रोग्राम को और आसान बनाने की तैयारी में है। यूजीसी ने कहा कि कोई भी स्टूडेंट अपने सिलेबस का टाइम ड्यूरेशन घटा-बढ़ा सकेगा।

ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम जो 3 से 4 साल का होता है, उसे स्टूडेंट्स घटाकर दो-ढाई साल का भी कर सकते हैं। इसके साथ ही कमजोर स्टूडेंट्स अपने ग्रेजुएशन प्रोग्राम का समय बढ़ाकर 5 साल तक कर सकते हैं।

### 15 दिवसीय मधुबनी आर्ट वर्कशॉप की शुरुआत अलका झा के नेतृत्व में

# मधुबनी पेंटिंग लोगों की रचनात्मकता और संवेदनशीलता को दर्शाती है



**इंदौर** मधुबनी आर्ट वर्कशॉप की शुरुआत शनिवार को हुई । 15 दिवसीय इस वर्कशॉप का आयोजन क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा चित्रांकन आर्ट स्टूडियो में एक्सपर्ट अलका झा के नेतृत्व में हो रहा है ।

मधुबनी आर्ट एक्सपर्ट अलका झा ने बताया इस 15 दिन में बेसिक से एडवांस सिखाया जाएगा । उन्होंने बताया मधुबनी पेंटिंग चित्रकला के रूप में ज्ञान की एक महत्वपूर्ण परंपरा है जिसे मिथिला पेंटिंग के रूप में भी जाना जाता है ।

उन्होंने बताया मधुबनी पेंटिंग दुनिया की सबसे प्रसिद्ध पेंटिंग में से एक है यह मिथिला क्षेत्र की वह लोकप्रिय कला है जो वहां के लोगों की रचनात्मकता और संवेदनशीलता को दर्शाती है यह सदियों पुरानी कला उंगलियां , टहनियां ,ब्रश , पेन, माचिस की तीलियों के साथ प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके बनाई जाती है । जिसे एक आकर्षक ज्योमैट्रिकल पैटर्न की सहायता से बनाया जाता है ।

यह चित्रकला बिहार के मिथिला क्षेत्र घर-घर में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में ही की जाती है अब इस चित्रकला की राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी चुकी है ।दीवार और भूमि पर बनाने वाले ये चित्र जो की अब कागज, केनवास, कपड़ों और अनेक सजावटी वस्तुओं पर बनने लगी है।

इस कला में चटक रंगों का प्रयोग किया जाता है। पहले प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता था। जो हस्त निर्मित होते थे। मधुबनी पेंटिंग में मानव चित्रण के साथ-साथ प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण भी होता है, जैसे कि पुष्प, पेड़-पौधे, जीव-जंतु,और पशु-पक्षियाँ आदि ।

यह चित्रकला लोगों की जीवन शैली और पर्यावरण के साथ संबंध को दर्शाने का भी कारण बनती है। इन चित्रों के विषय प्रमुख्यतः राम- सीता तो होते ही थे साथ ही अन्य देवी - देवताओं के चित्र भी बनाए जाते हैं । इसके अलावा सूर्य-चंद्रमा, जीव-जन्तु तथा प्रकृति नजारों, पेड़-पौधों के साथ, प्राकृतिक रंगों के द्वारा चित्रित किया जाता था ।

# मप्र-छग के पेंशनर्स के लिए - 49(6) का झमेला खत्म करें



**इंदौर**(- मदन वर्मा ) मप्र-छग के पेंशनर्स के लिए - 49(6) का झमेला खत्म करें !कौन करेगा, क्या कोई सरकारी ऐजेंसी करेगी, क्या, मप्र-छग राज्य की सरकारें करेंगी, क्या, केंद्र ही हल करेगा या करवायेगा,क्या संवैधानिक मसला है तो इसे संवैधानिक तौर पर निपटाया या मसले का हल किया जायेगा या फिर पेंशनर्स नेतृत्वों के आंदोलन- विरोध प्रदर्शन करने के दबाव - प्रभाव की उष्णता बढ़ने या आने का ठंडे-अनमनेपन से इंतजार किया जायेगा। इस मसले पर तनिक भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इस प्रश्न का जवाब कौन देगा, किसके द्वारा दिया जायेगा, जवाब देने

व तमाम बिन्दुओं पर कार्यवाही करने की जिम्मेदारी किसकी हैं या होगी, जो इसका हल नहीं होने में पूरी तरह से उदासीन है यदि, तो उन्हें सतर्क, जागरूक कौन करेगा बताएं, नहीं बता सकते हों तो ढूंढें, दोषी हैं कोई तो उन्हें इसकी सजा कौन देगा। यह करना पड़ेगा भाई, लाखों पेंशनर्स के जीवन अस्तित्व की सुदृढ़ता में आई कमजोरी का सवाल है। उनके परिवार के जीने की रफ्तार में बांधा आ रही हैं। इधर उधर और वहां फैले तीन सरकार रूपी इंजिनों में इतनी भी ताकत नहीं की लोक कल्याण के हित में पेंशनर्स के पेट की ओर ध्यान दें।

49(6) की उलझन मिटाओ और पेंशनर्स के आर्थिक हित पर ध्यान दो। दोनों राज्यों में तमाम पेंशनर्स हितैषी नेतृत्व-संगठन है लेकिन उनकी भी क्षमता पिछले 24 वर्षों में धारा 49(6) मसले के निपटान कराने में पुरजोर साबित नहीं हुई, यह सब जानते हैं। इसके लिए सरकार पर पुख्ता दबाव नहीं बना सके। सही में इस मामले में ये सभी कमजोर साबित हुई

और सरकार पर इसके हल के लिए उदासीन दिखाई दिए। उनकी कोशिशें यदि की गई तो बेअसर रही।

उनके माथे की जूं भी ना खिरी। सभी पेंशनर्स के भीतर एक जमाअग्नि का दावानल है। फिर तमाशा देखने वाले दर्शक क्यों बने हुए हैं। क्या, शक्तिविहीन हो गये हैं। मध्यप्रदेश के पेंशनर्स की वास्तविकता और शासन के ढुलमुल रवैया, प्रशासन की जबरा पेश की गई मनमानी, ग़लत व्याख्या समझना/समझाना, लकीर के फकीर बने रहना, प्रशासन, शासन, मप्र-छग की जबरा म.प्र. के पेंशनर्स के नुकसान करने की आदत, भुगत रहे पेंशनर्स। पहली बार किसी बड़े समाचार पत्र ने 17 अक्टूबर 2024 को अपने प्रकाशन में गूढ़ सूक्ष्मता से पेंशनर्स राहत में हर पक्ष की इस मुद्दे पर मारक तंज खींचा, मुद्दा क्यों लटक रहा, धारा 49(6) बीच जबरन पेश लेकुना, किन-किन की मिस्टेक, मुद्दे के हल में अरूचि-बेरुखी की वजह से पेंशनर्स को बुरी तरह से तला-भुना जा रहा हैं। इस ओर पेंशनर्स संगठनों व सरकार का ध्यान आकर्षित करने का पूर्णतः प्रयास किया।

साथ ही डॉक्टर सोनाने ने भी एक लेख में इस मसले याने पेंशनर्स के साथ हो रहे अन्याय पर विस्तृत जानकारी दी। इस मुद्दे पर सभी पक्ष जागरूक हो रहे हैं, सब जानते हैं कि धारा 49(6) का निपटान ही पेंशनर्स का प्राथमिक ज्वलंत मुद्दा हैं यदि इस पर भी उदासीन रहे तो इसका आर्थिक नुकसान जो हो रहा है वह, आपको भविष्य में हमेशा भुगतना होगा व इसकी भरपाई कभी ना हो सकेगी।

## इंदौर के भाजपा नेता राजिक फर्शीवाला महाराष्ट्र चुनाव में डटे



**इंदौर। महाराष्ट्रचुनाव में इंदौर के भाजपा नेता अलग-अलग जिम्मेदारी निभा रहे है। राजिक फर्शीवाला भी भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में महाराष्ट्र चुनाव में डटे हुए हैं। वे जनसंपर्क के अलावा जातिगत समीकरणों के हिसाब से भी वोटरों से मिल रहे है।**

राजिक फर्शीवाला चुनावी शोर थमने तक महाराष्ट में डेरा डाले रहेंगे। भाजपा नेता राष्टीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्टीय सलाहकार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी द्वारा बनाया गया संगठन राष्टीय पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति के राष्टीय प्रवक्ता राजिक फ़र्शीवाला अपने साथियो सहित देश की आर्थिक राजधानी मुंबई मे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारो के लिए अतिपिछड़े अल्पसंख्यक समाज के लोगो के बीच मे फ्लैट टू फ्लैट जनसम्पर्क कर रहे हैं।

वे अलग अलग सोसायटियों के फ्लेटों मे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारो के पक्ष मे मीटिंग कर रहे हैं। फ़र्शीवाला ने बांद्रा वेस्ट के भाजपा उम्मीदवार एवं मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के समर्थन में मतदाताओं के बीच पहुंचे। बांद्रा वेस्ट में राजिक फ़र्शीवाला का एक निवास भी है। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता इरफ़ान अहमद, अय्यूब खत्री, सोहैल खान, मुश्ताक खोकर, आमीन तंवर, तनवीर खोकर, जहरा खातून, कुलसम बेगम, नवनीत जायसवाल, अनिल जैन एवं यादवेंदर बुत्तर साथ चुनाव मे काम कर रहे हैं।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की विशेष बैठक संपन्न



**इंदौर** निप्र। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा इंदौर के समस्त सदस्यों एवम पदाधिकारियों कि आवश्यक विशेष बैठक स्थानीय अभिनव कला समाज हॉल,गांधी हॉल परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने की। बैठक में प्रदेश नेतृत्व कर्ता प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे,अशोक भार्गव, प्रान्तीय समन्वयक वीरेंद्र शर्मा, प्रांतीय संयोजक महिला प्रकोष्ठ श्रीमती कमला द्विवेदी के आह्वान पर विभिन्न मांगों के समर्थन में आयोजित 11 नवम्बर के सफल धरना-प्रदर्शन एवम ज्ञापन के क्रमिक आंदोलन पर सभी सदस्यों एवम जुझारू और कर्मठ पदाधिकारियों को सफल अनुशासनात्मक आयोजन के लिए संभागीय अध्यक्ष राजेश जोशी एवम जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर आगे भी ऐसी सक्रिय सहभागिता का अनुरोध किया गया।आपने पेंशनर साथियों की एकता और अनुशासन की सराहना की। इस अवसर पर नवीन सदस्यता गृहण करने वाले 08 सदस्यों का एसोसिएशन का अंग वस्त्र पहना कर पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। विभिन्न धर्मस्थलों की धार्मिक यात्रा कर लौटे जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर का भी पुष्प माला व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।श्री ठाकुर ने अपने यात्रा के संस्मरण सुनाए। 18 नवम्बर को झाबुआ में आयोजित होने वाले जिला सम्मेलन में सहभागिता हेतु 15 सदस्यों ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। इस विशेष बैठक में पं. रामचन्द्र दुबे,पं.आर.के. शुक्ला,श्रीमती कमला द्विवेदी, कमल जायसवाल, अशोक मंडलोई, नरेंद्र उपाधयाय, राजेन्द्र फाटक,उदय कुमार ठोम्बरे,सुभाष पाटीदार, अरुणकुमार श्रीवास्तव, श्रीमती मंजुला पाण्डेय, श्रीमती मीना बिल्लोरे, नरेंद्र कुमार पुरोहित, कैलाश चंद्र दुबे,संतस्वरूप सत्संगी, देवनारायण , सोलंकी ,राधेश्याम मंडलोई,रूप नारायण गुप्ता, घनश्याम रावत आदि सदस्य गण एवम पदाधिकारी गण उपस्थित थे।बैठक का संचालन राजेश जोशी ने किया तथा आभार नरेंद्र सिंह ठाकुर ने माना। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे- तय कार्यक्रम अनुसार बैठक समाप्ति पश्चात एक प्रतिनिधि मंडल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुँचा। सेवानिवृत हुए पेंशनर साथियों के लंबित 20 प्रकरण जो लगभग डेढ़ माह से अधिक समय पूर्व जो जिला शिक्षा अधिकारी महोदय सुषमा वैश्य मैडम को सौपे गए थे के निराकरण के संबंध में अपडेट जानने हेतु एक प्रतिनिधि मण्डल संभागीय अध्यक्ष राजेश जोशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचा। जिनमें नरेन्द्र सिंह ठाकुर, जगन्नाथ अहिरे,किशोर शर्मा, कैलाश सेन,रमेश सिन्देल,श्रीकांत इंगले, मनोहर चौहान,जगदीश चावड़ा आदि शामिल थे। सदस्यों ने पूर्व में प्रेषित लंबित प्रकरणों के निराकरण की वर्तमान स्थिति जानना चाही।जिला शिक्षा अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण योजना अधिकारी एम.एस. निगवाल जी से मुलाकात कर लंबित प्रकरणों की जानकारी दी।श्री निगवाल ने प्राथमिकता से पेंशनरों के लंबित प्रकरणों के निराकरण करवाने का आश्वासन दिया।

# जिम्मी मगिलिगन सेंटर ऊर्जा और पर्यावरण का जीवंत और सर्वश्रेष्ट



**इंदौर** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के ऊर्जा और पर्यावरण विज्ञान स्कूल से ऊर्जा प्रबंधन में बी/एमटेक छात्रों का एक समूह अपने विभागाध्यक्ष डॉ रुबीना चौधरी के साथ ग्राम सनावदिया में जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर शैक्षणिक भ्रमण हेतु आया । सेंटर की निदेशक डॉ. श्रीमती जनक पलटा मगिलिगन ने उनका सस्नेह स्वागत कर यहाँ के संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया । यह, जैव विव्धता फार्म उनका निजी आवास है, जिसे उनके पति स्वर्गीय जेम्स (जिम्मी ) मगिलिगन ओ.बी.ई. ने स्वयं अपने हाथों और कड़ी मेहनत से बनाया ÷ईश्वर ने अपनी सभी रचनाओं, जीवित प्राणियों, पशु साम्राज्य, वनस्पति और खनिजों के संरक्षण के लिए आत्मा और विवेक की शक्ति देकर मानवता की रचना की है।

अभिनव दिवेदी ने बताया यह जैव विविधता से भरपूर केंद्र आधा एकड़ भूमि पर बना है और यहां की हर चीज हमें स्थायी जीवन जीने का तरीका सिखाती है। यह बिना किसी फंड या अनुदान के चलता है। यहां आने पर हमें पता था कि कुछ हम सौर ऊर्जा के उपकरण देखेंगे ! लेकिंग अद्भुत है यहाँ हर प्रकार की ऊर्जा, सोलर, पवन , क्चामुक्त प्रबंधन देखा । हर प्रकार के पेड़-पौधे हैं और सभी गाय द्वारा पोषित किए जा रहे हैं। साक्षी चौहान ने बताया एक पर्यावरण इंजीनियर छात्र होने के नाते, इस यात्रा ने मुझे एक रोडमैप दिया। एक किसान की बेटी के रूप में, मैंने अपने पिता के जैविक खेती के प्रयासों को आगे बढ़ाने और अपने समुदाय के भीतर स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध किया। अपशिष्ट को कम करने, संसाधनों के संरक्षण पर यात्रा के संदेशों ने मुझे अपने दैनिक जीवन में सचेत विकल्प बनाने के लिए प्रेरित किया है। मैं इन पाठों को अपने जीवन में लागू करने के लिए उत्सुक हूं, व्यक्तिगत विकास को पर्यावरणीय विकास के साथ संतुलित करना। शिल्पी यादव ने बताया यह एक शानदार अनुभव है, मैंने बहुत सी चीजें सीखी हैं, जिनमें से एक यह है कि किसी भी नवाचार के लिए किसी डिग्री की आवश्यकता नहीं है। हम सभी ने कई उपकरण भी सीखे जैसे कि विभिन्न प्रकार के पौधे और औषधीय पौधे और सौर उपकरण जैसे कि शेफ़लर डिश और बरसात के मौसम के लिए सबसे दिलचस्प न्यूज़पेपर ब्रिकेट जो कम से कम कार्बन उत्सर्जन करते हैं। श्रीधर ने बताया एक पर्यावरण इंजीनियरिंग छात्र होने के नाते, मैंने इस क्षेत्र में बहुत कुछ सीखा है। अंत में प्रो रुबीना चोधरी ने आभार प्रकट करते हुए जिम्मी जी और जनक दीदी 1990 से हमारी सभी प्रकार की सकारात्मक उर्जा स्रोत है और हमेशा आपसे सीखते रहें है !

### केंद्र ने एनिमेशन सेक्टर को सनराइज सेक्टर के रूप में चुना

# केरल के बाद अब मप्र भी लागू करेगा एनिमेशन नीति

**इंदौर** । आईटी के क्षेत्र में तेजी से उभरता मप्र अब एनिमेशन के क्षेत्र में भी पंख फैला रहा है। राज्य सरकार एनिमेशन नीति के ड्राफ्ट को मंजूरी दे चुकी है और उम्मीद है जल्द ही इसे कैबिनेट से हरी झंडी मिल जाएगी। इसके साथ ही स्वयं की एनिमेशन नीति लागू करने के मामले में मप्र देश का दूसरा राज्य बन जाएगा। इससे पूर्व केरल एनिमेशन नीति लागू कर चुका है।

बता दें, केंद्र सरकार ने एनिमेशन सेक्टर को सनराइज सेक्टर के रूप में चुना है और केंद्रीय स्तर पर एनिमेशन नीति लागू करने का फैसला किया। इसके बाद करीब दस राज्यों ने भी अपनी-अपनी एनिमेशन नीति बनाने की तैयारी शुरू की। एनिमेशन नीति को लेकर मप्र सरकार ने नवंबर, 2023 में काम शुरू किया था और अगस्त 2024 तक ड्राफ्ट बना लिया गया। मप्र स्टेट इलेक्ट्रानिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) के अधिकारियों के अनुसार, ड्राफ्ट को कैबिनेट में भेजा जाएगा।

यह हैं विशेषताएं एनिमेशन नीति का नाम एवीजीसी-एक्सआर नीति दिया गया है। इसका पूरा नाम एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कामिक्स एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) है। इस नीति के अंतर्गत सरकार प्रदेश में इस सेक्टर को बढ़ावा देगी। एनिमेशन इंडस्ट्री से जुड़े जानकारों का कहना है कि सरकार ने अपने ड्राफ्ट में मप्र में निवेश के लिए आने वाली कंपनियों को कई प्रकार की सब्सिडी देने का प्रविधान किया है। यह सबसे बड़ा पहलू है, जो प्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करेगा।

इन सब्सिडियों का प्रविधान

एनिमेशन क्षेत्र में नए निवेश की राशि पर 25 प्रतिशत कैपिटल निवेश सब्सिडी, जो अधिकतम 50 लाख रुपये तक होगी। यह पांच करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर लागू होगी और कम से कम 50 नई नौकरियों का सृजन करेगी। 15 हजार वर्गफीट तक के आफिस स्पेस के लिए किराये पर 25 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रुपये प्रति वर्ष की प्रतिपूर्ति। इंटरनेट शुल्क की प्रतिपूर्ति और विद्यार्थियों को आईपी विकास पर 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रविधान। प्रोडक्शन पर सब्सिडी, जिसके अनुसार उत्पादन खर्च पर 35 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति दी जाएगी, जो अधिकतम 50 लाख रुपये प्रति कंपनी प्रति वर्ष होगी। एक वर्ष में अधिकतम तीन बार ही इसे दिया जाएगा।

रोजगार के खुलेंगे द्वार, शिक्षा का भी होगा प्रसार

इस सेक्टर में फिलहाल करीब तीन हजार लोग काम कर रहे हैं। नीति लागू होने के बाद पांच साल में 50 हजार नए रोजगार का सृजन होगा। एनिमेशन से जुड़ी 250 से 300 कंपनियां फिलहाल काम कर रही हैं। पांच साल में 250 नई कंपनियां शुरू होंगी। प्रदेश में एनिमेशन सेक्टर से जुड़े 150 नए स्टार्टअप शुरू होंगे। केंद्र की तर्ज पर मप्र में सेंटर आफ एक्सिलेंस खुलने की उम्मीद है।

## पटेल को पीएचडी, समाज ने किया सम्मानित



**इन्दौर** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दौलत पटेल ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर नायता पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष यूनुस पटेल गुड्डु के सानिध्य में उनका सम्मान किया गया और नाहरशाह वली सरकार की दरगाह पर चादर पेश की गई। इस अवसर पर दरगाह कमेटी के सदर डॉ रिजवान पटेल भी मौजूद थे। पटेल ने कहा कि शिक्षा के बल पर जीवन में हर मुकाम पाया जा सकता है।



## अलग-अलग हादसों में 5 की मौत : एक गंभीर घायल, एक शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

रतलाम। जिले में शुक्रवार रात से लेकर शनिवार दोपहर तक तीन अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई है। पहला हादसा, शुक्रवार रात रतलाम सैलाना रोड स्थित धामनोद फोरलेन पर हुआ। जहां बाइक क्रमांक एमपी 43 ईडी 2036 पर सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

**बाइक की भिड़ंत में तीन की मौत**-दूसरा हादसा रतलाम बाजना रोड स्थित ग्राम बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम आमलीपाडा में शनिवार तड़के हुआ। बाइक की आमने-सामने भिंड़त में 16 साल के बालक समेत तीन की मौत हो गई। एक घायल हो गया। सुबह बस निकली तो ड्राइवर ने घायलों के पड़े होने पर ग्रामीणों को जानकारी दी, तब दुर्घटना का पता चल पाया। दोनों बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। शनिवार सुबह 6.15 बजे बस बाजना से रावटी जा रही यादव बस के ड्राइवर ने घायलों को देख पास के गांव में सूचना दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना के बाद पहुंची बाजना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से चार घायलों को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने शांतिलाल (16) पिता मशरू निवासी घाटाखेरदा, शंभुलाल पिता फूलसिंह निवासी बगली का माल एवं सोहन गौतम निवासी घोडाखेड़ा को मृत घोषित कर दिया। तीनों का पीएम करवा लिया गया है। वहीं, घायल अजमल पिता जीवना को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया है।

## स्वास्थ्य विभाग में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण किया गया



रतलाम। कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन के लिए शिकायतों के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आनंद चंदेलकर द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में सीएम हेल्पलाइन के लिए शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा गया था। जिले के रतलाम ग्रामीण, जिला चिकित्सालय रतलाम, रतलाम शहर, जावरा, पिपलोदा, सैलाना, बाजना, आलोट में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मिशन मोड में कार्य कर शिकायतकर्ताओं से बात की गई और उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया।

## शीतला माता मंदिर में हुआ भव्य अन्नकूट महोत्सव, बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे



रतलाम। शहर के प्राचीन शीतला माता मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी आज महाआरती के पश्चात भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माताजी का भव्य श्रृंगार किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की। शुक्रवार को शीतला माता गरबा उत्सव समिति द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सिलावटों के वास स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में महाआरती के साथ 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। इस विशेष आयोजन के तहत शीतला माताजी को विशेष अभिषेक और श्रृंगार कर मंदिर को सुसज्जित सजाया गया। महाआरती के पश्चात माताजी को भोग लगाकर अन्नकूट प्रसादी का वितरण प्रारम्भ हुआ। महोत्सव में क्षैत्र की बड़ी संख्या ने पहुंचकर भाग लिया।

## पुलिस को तस्करी के मामले में मिली सफलता / दो अलग अलग थाना क्षेत्रों से एक लाख के मादक पदार्थ जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

रतलाम। पुलिस को अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लगातार सफलता मिलती दिख रही है। पिछ्ले 24 घंटे में जिले के दो थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से का माल जप्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मानव चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत शादाब उर्फ बड़ा पिता लईक कलीगर 39 वर्षी निवासी अशोकनगर रतलाम को गुलाब शाह वली दरगाह के पीछे करमदी रोड रतलाम से 4 ग्राम एचडी ड्रग्स मादक पदार्थ जिसकी कीमत?40,000 रूपये एवं एक वेन प्लस कंपनी का एंड्राइड मोबाइल तथा एक हरे रंग का पर्स जिसमें नगदी 650 रुपए पुलिस ने जब्त किये।

वही दूसरे मामले में जावरा शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने बंशीराम पिता मानाराम जाति विश्नोई 45 वर्षीय निवासी हेमनगर थाना झवर जिला जोधपुर राजस्थान को बंदीछोड़ दरगाह के पास ताल रोड जावरा से मादक पदार्थ खड़ा डोडा चूरा 30 किलो कीमती 60, 000 रूपये जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर धोखाधड़ी से रहे सावधान, एसपी कुमार ने जारी की एडवाइजरी

रतलाम। सायबर ठगी के नए नए तरीकों से लोगों को ठगने के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सायबर क्राइम सेल रतलाम टीम ने आम लोगो को सायबर ठगी ने नए नए तरीकों के प्रति आम लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से सायबर फॉड के तरीके और उनसे बचने के उपाय के बारे में समय समय पर एडवाइजरी जारी की जा रही है। इसी क्रम में आज वर्तमान में सायबर अपराधियों ने धोखाधड़ी के नए तरीके डिजिटल अरेस्ट से बचने के बारे में एडवाइजरी जारी की जा रही है।


RATLAM POLICE

"डिजीटल अरेस्ट" के नाम पर धोखाधडी से रहे सावधान

- डिजिटल अरेस्ट में स्कैमर्स स्वयं को पुलिस, ईडी, सीबीआई या इनकमटैक्स का अधिकारी बताकर फोन करते है।
- हमें किसी गंभीर अपराध में संलिप्तता बताकर जैसे हमने एक पार्सल पकड़ा है जिसमें ड्रग्स मिली है इस पर आपका नाम नंबर लिखा है, या आपके अकाउंट में इलीगल फंड आया है या आपके नाम का गिरफ्तारी वारंट है हम आपको डिजिटल अरेस्ट कर रहे है आपको फिर किसी माध्यम से वीडियो कॉल से जुड़ने के लिए कहा जाता है।
- आपको कहा जाता है कि आप डिजिटल अरेस्ट किए गए है अब आप वीडियो काल डिस्कनेंट नहीं कर सकते, यहां से कही जा नहीं सकते किसी से कोई संपर्क नहीं कर सकते। सायबर अपराधी आपको एक कमरे में बंद रहने के लिए धमकाते हुए मजबूर करते है।
- सायबर अपराधी वीडियो कॉल पर पुलिस की यूनिफॉर्म में दिखाई देते है। तथा हमें पुलिस कार्यवाही का डर दिखाकर पैसों की मांग करते है।
- हमारे देश में इस तरह से किसी भी प्रकार की पूछताछ, जांच, या गिरफ्तारी का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है. इस तरह के मामलों में निजी जानकारी ना दें, किसी भी हालत में पैसा कहीं भी ट्रांसफर ना करें, और मामले की पूरी जानकारी पुलिस को दें

### डिजिटल अरेस्ट से कैसे बचे

पिछ्ले दिनों माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों से जागरूक रहने की सलाह दी थी. इसमें पीएम मोदी ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम से बचने के लिए लोगों को %रुको, सोचो और एक्शन लो' की सलाह दी थी. माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भी डिजिटल अरेस्ट से जागरूक रहने की अपील की गई है। सीबीआइ, ईडी, पुलिस या कोई भी सरकारी एजेंसी जांच के नाम पर वीडियो कॉल नहीं करती है ना ही डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान है। अगर आपके पास किसी अनजान नम्बर से फोन आ रहा है और वो आपको कहते है कि आपके बेटे को इस अपराध में पकड़ लिया गया है या आपके परिवार की कोई महिला सदस्य इस आपराधिक घटना में शामिल पाई गई है या फिर आपके द्वारा मंगवाए गए सामान में कुछ आपराधिक वस्तु मिली है, तो सबसे पहले हमें वही रुकना हैं और अपने फोन में स्क्रीन रिकॉर्डर ऑन करके सबूत जुटाने हैं और स्कैमर्स से किसी प्रकार की जानकारी शेयर नहीं करनी है. कोई भी विभाग पुलिस, ईडी या सुप्रीम कोर्ट भी ऑनलाइन वॉरंट जारी नहीं करते हैं. स्कैमर्स खुद को पुलिस विभाग से बताकर वारंट दिखाते हैं और एफआईआर दर्ज करने और अरेस्ट करने का डर दिखाकर अपने शिकार को फंसाते हैं. कोई भी सरकारी एजेंसी फोन के माध्यम से किसी को भी इस प्रकार अरेस्ट नहीं करती है. तीसरा काम हमें ये करना है कि भारत सरकार साइबर क्राइम पोर्टल cybercrime.gaæv.in इस पर रिपोर्ट दर्ज करवानी है और 1930 पर घटना की सूचना देकर स्क्रीनशॉट और स्क्रीन रिकॉर्डिंग के साथ स्थानीय थाने में रिपोर्ट देनी चाहिए।

### क्या है डिजिटल अरेस्ट ?

भारतीय कानून में कही पर भी डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं है। डिजिटल अरेस्ट सायबर अपराधियों द्वारा लोगों को डरा धमका कर धोखाधड़ी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट में स्कैमर्स स्वयं को पुलिस, ईडी, सीबीआई या इनकमटैक्स का अधिकारी बताकर फोन करते है, सोशल मीडिया अकाउंट्स या अन्य अन्य ओपन सोर्स से हमारी पर्सनल जानकारी जैसे हमारे कार्यक्षेत्र से जुड़ी जानकारी, परिवार के लोगों की जानकारी जुटाकर हमे बताते है जिससे हमें उनकी बातों पर विश्वास हो जाए। फिर हमें किसी गंभीर अपराध में संलिप्तता बताकर जैसे हमने एक पार्सल पकड़ा है जिसमें ड्रग्स मिली है इस पर आपका नाम नंबर लिखा है, या आपके अकाउंट में इलीगल फंड आया है या आपके नाम का गिरफ्तारी वारंट है हम आपको डिजिटल अरेस्ट कर रहे है आपको फिर किसी माध्यम से वीडियो कॉल से जुडने के लिए कहा जाता है। फिर आपको कहा जाता है कि आप डिजिटल अरेस्ट किए गए है अब आप वीडियो काल डिस्कनेंट नहीं कर सकते और यहां से कही जा नहीं सकते किसी से कोई संपर्क नहीं कर सकते। सायबर अपराधी आपको एक कमरे में बंद रहने के लिए धमकाते हुए मजबूर करते है। सायबर अपराधी वीडियो कॉल पर पुलिस की यूनिफॉर्म में दिखाई देते है। तथा हमें पुलिस कार्यवाही का डर दिखाकर पैसों की मांग करते है। सायबर अपराधी कह सकते है कि आपके बैंक खाते में अवैध फंड आया है हम उसकी जांच कर रहे है। जांच चलने तक आप डिजिटल अरेस्ट रहेंगे और वीडियो कॉल छोड़कर कही जा नहीं सकते फिर आपसे आपकी बैंक डिटेल्स मांगते है। आपकी व्यक्तिगत एवं बैंक से संबंधित गोपनीय जानकारी लेकर आपके खाते से रुपए उड़ा देते है। एक अन्य तरीका यह भी है सायबर अपराधी किसी अनजान नंबर से फोन करते है और कहते है की आपका बेटा/बेटी एक संगीन अपराध में संलिप्त है जिसे हमने गिरफ्तार कर लिया है। उसे छुड़ाना चाहते हो तो तुरंत हमारे बताए अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर दो। सायबर अपराधी आपको विश्वास दिलाने के लिए आपके बच्चे का नाम या उसकी व्यक्तिगत जानकारी भी बताते है और आपके बेटे/बेटी से मिलती जुलती आवाज में किसी से बात भी करवाते है। और आपको हिदायत देते है की आपके बेटे /बेटी से संपर्क करने का प्रयास मत करना क्योंकि उसका फोन सर्विलेंस पर है। आपको व्हाट्स ऐप पर फर्जी गिरफ्तारी वारंट समंस भेजकर डराते है। और प्रकरण निपटने के नाम पर पैसों की मांग की जाती है।

**कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप की सक्रिय पहल से निवेश क्षेत्र में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, कलेक्ट्रेट में बैठक संपन्न**

# निवेश क्षेत्र में कोई भी निजी भूमि नहीं ली जाएगी, अब तक 3000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले




रतलाम। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप की सक्रिय पहल से रतलाम निवेश क्षेत्र की 1466 हेक्टर भूमि में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होने जा रही है जिनसे करीब 35 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। निवेश क्षेत्र में किसी की भी निजी भूमि नहीं ली जाएगी, यह सुनिश्चित किया गया है। उक्त जानकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित बैठक में दी गई। बैठक में कलेक्टर राजेश बाथम, कार्यकारी संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम राजेश राठौर, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम अनिल भाना तथा निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पलसोढी, बिबड़ोद, जुलवानिया, सरवनीखुर्द, जामथुन, रामपुरिया ग्रामों की संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, सचिव, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक श्री राठौर ने बैठक में बताया कि निवेश क्षेत्र के 6 ग्रामों में 1466 हेक्टेयर भूमि में अभी 260 करोड रुपए का इंफ्रास्ट्रक्चर विकास किया जा रहा है। निवेश क्षेत्र में जील, यूटीएल सोलर, गोल्ड क्रस्ट आदि कंपनियों के लगभग 3 हजार करोड रुपए निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिनसे करीब 5 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। यूटिएल द्वारा सोलर उपकरण, सेल बैट्री आदि निर्माण की फैक्ट्री लगाई जाएगी। जील द्वारा छाता निर्माण किया जाएगा, साइट्रिक एसिड बनाने वाली गोल्ड क्रस्ट कंपनी भी फैक्ट्री लगाने जा रही है।

निवेश क्षेत्र में आ रहे विभिन्न प्रोजेक्ट की वास्तविक जानकारियां स्थानीय बांशंदो को उपलब्ध कराने एवं शंकाओं के समाधान हेतु आयोजित की गई उक्त बैठक में बताया गया कि औद्योगिक निवेश क्षेत्र में अनुमानित रूप से कम से कम 10 हजार करोड रुपए का निवेश आ रहा हैश करीब 350 विभिन्न औद्योगिक इकाइयां क्षेत्र में स्थापित होगी जिनसे क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के साथ वृहद स्तर पर रोजगार का सृजन होगा। निवेश क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट को उचित ढंग से उपचारित एवं निष्पादित किया जाएगा जिसमें पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया गया है।



## सराफा डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ शुभारम्भ

रतलाम। रतलाम सराफा एसोसिएशन की सामाजिक पहल सराफा डायग्नोस्टिक सेंटर का आज शनिवार को शुभारंभ एमएसएमई मंत्री एवं शहर विधायक चैतन्य काश्यप के करकमलो से हुआ । साथ ही शहर महापौर प्रहलाद पटेल, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे । कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत रतलाम सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय वोरा, सचिव भावेश डोसी तथा सदस्यों द्वारा किया गया। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम सराफा एसोसिएशन द्वारा जनहित में रियायती दरों पर जो पैथोलॉजी जांच शहर में उपलब्ध कराई जा रही है यह सेवा कार्य प्रशंसनीय है और भविष्य में भी इसी प्रकार समाजसेवी कार्यो में अपना सहयोग दे । इससे पूर्व अध्यक्ष विजय वोरा ने अतिथियों को सराफा डायग्नोस्टिक सेंटर पर उपलब्ध सभी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि डायग्नोस्टिक सेंटर पर ज़ाइडस हॉस्पिटल बड़ौदा के क्लीनिकल सपोर्ट से ई.सी.जी. टेस्ट सेंटर भी शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है। महापौर श्री प्रहलाद पटेल द्वारा सराफा डायग्नोस्टिक सेंटर पर उपलब्ध अत्याधुनिक मशीनों का निरीक्षण कर आश्वस्त होते हुए कहा कि निश्चित ही इन अत्याधुनिक मशीनों से की गई जांच रतलाम के नागरिकों के लिए सुविधाजनक पहल होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने लेब का निरीक्षण करते हुए कहा कि सराफा एसोसिएशन की यह जनहित मे की गई पहल काफी प्रशंसनीय है जो कि शहर के मध्य होने की वजह से जरूरतमंद को शीघ्रता से जाँच करवाने में सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर श्रीकांत डोसी,प्रवीण मालवीय, पारसमल कोठारी, दिलीप मांडोत, जयंतीलाल भरगट, अर्पित चौरडिया व क्षैत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

## 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने में रुचि नहीं लेने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी : डॉ. चंदेलकर



रतलाम। जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। रतलाम जिले में 15 नवंबर तक कुल 5509 लोगों के कार्ड बनाकर प्रदान किया जा चुके हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आनंद चंदेलकर ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाया जाना प्राथमिकता है। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को अपना आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अपना आधार नंबर और समग्र आईडी लेकर नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र , एएनएम अथवा आशा कार्यकर्ता अथवा सी एच ओ से संपर्क स्थापित करना चाहिए। इस संबंध में 70 वर्ष से अधिक आयु के जिन लोगों के पूर्व में कार्ड बन चुके हैं , उनके भी कार्ड पुन- पंजीयन की प्रक्रिया करके बनाए जाना है। 29 अक्टूबर 2024 के बाद बनने वाले कार्ड में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को पात्र मान्य करते हुए उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच निशुल्क प्राप्त होगा। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र हितग्राहि शासकीय एवं चिन्हित निजी अस्पतालों में अपना निशुल्क उपचार कर सकेंगे। सीएमएचओ ने विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए है कि कार्य की कर्मचारी वार दैनिक नियमित समीक्षा की जा रही है, कार्य में प्रगति न लाने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए 14555 अथवा 18002332085 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# धूमधाम से मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती

रतलाम । भगवान बिरसा मुंडा जी की जन्म जयंती पर सागोद रोड स्थित गोपाल गौशाला उद्यान में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पूर्व रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन, भाजपा जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, प्रवीण सोनी, अनुज शर्मा, महापौर परिषद सदस्य रामुभाई डाबी, क्षेत्रिय पार्षद रणजीत टांक, पार्षद प्रतिनिधि जयेश वसावा, मध्य-भारत प्रांत जनजाति सुरक्षा मंच प्रांत संरक्षक पुर्व सैनिक श्री कैलाश निनामा, जिला रतलाम मध्य प्रदेश, महेश डोडियार प्रदेश अध्यक्ष हिंदू युवा जनजाति संगठन, प्रहलाद निनामा, छोटूलाल मैंडा, रामलाल सोलंकी, अम्बाराम मोरी, हीरालाल मालीवाड़, देवेन्द्र मईड़ा, राजाराम मौरी सहित जनजातीय समाजजनों ने माल्यार्पण कर उन्हे याद किया।

माल्यार्पण के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने 7 वर्ष के बाल्यकाल से विद्रोह की राजनीति शुरू करते हुए %हमारी धरती हमारा राज'' का नारा देते हुए 20 वर्ष की उम्र में आजादी की अलख जगाई थी। पूर्व रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने इस अवसर पर कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में जनजाति समाज के कई क्रांतिकारियों को भुला दिया गया था। देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र जी मोदी ने जनजाति समाज के क्रांतिकारियो सम्मान दिये जाने हेतु जनजातिय गौरव दिवस मनाने की घोषणा कर देश के महान सपूतो को भाजपा ने गौरव दिलाया। आयोजित कार्यक्रम में कैलाश निनामा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को जीते जी भगवान का दर्जा मिल गया था क्योंकि उन्हे दैविय शक्ति प्राप्त थी उन्हे अगर कोई बीमार व्यक्ति छू लेता था तो वह ठीक हो जाता था। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातिय गौरव दिवस के रूप में मनाने पर जनजातिय समाज में एक अलग ही उत्साह है। इस अवसर पर महेश डोडियार ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें इस गौरव दिवस को हमारे त्यौहारों की तरह बड़ी धूमधाम से मनाना चाहिये। जनजातीय समाज के बालक-बालिकाओं ने इस अवसर पर आर्कशक लोक गीत-लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।

## राम मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन संपन्न



रतलाम। शनिवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भाई जी के वास स्थित श्री राम जी के मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन रखा गया। जिसमें भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया।हमारे इस आयोजन में मुख्य अतिथि रतलाम नगर में गो सेवा में अपनी समिति का नाम प्रथम पंक्ति में लाने वाले परम गाय के भक्त दिनेश वाघेला, श्रीमती श्यामा वाघेला द्वारा भगवान श्री राम की आरती की गई। आज के आयोजन में प्रमुख पुजारी श्री चंदू बैरागी, विद्या बैरागी, बाबूलाल सिसोदिया, शकुंतला सिसोदिया, सुधा पंवार, माया सिसोदिया व अन्य भक्त गणों ने अपनी सेवाएं दी अंत में सभी भक्तों को अन्नकूट की सब्जी पुरी वह मिष्ठान प्रसाद जी के रूप में वितरित की गई। इस आयोजन में क्षेत्रवासी, भक्त गण उपस्थित थे।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

विभिन्न कार्य

No. W/623/5/1/NIT दिनांक: 13.11.2024

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

| Sr. No. | ई-टेण्डरिंग सं. व कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशी |
|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2024-25-115<br>DHD RSW:- Repair to North Light glass, Downtake Pipe and Structural Painting work at Various workshop. | ₹ 1,14,44,644.75/- | ₹ 2,07,300.00/- |
| 2 | RTM-2024-25-116<br>Godhra-Nagda section:- Through Sleeper Renewal TSR(P) 60.15 Tkm by PQRS. | ₹ 16,69,79,679.82/- | ₹ 9,84,900.00/- |

अनुमानित मात्रा: As per tender schedule कार्य समापन अवधि: Sr. No.1: 9 माह Sr. No. 2: 24 माह सिमीलर टाईप ऑफ वर्क: Sr. No.1 : Any Civil Engineering Work Sr. No. 2: Any Track Work वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:12.11.2024 प्रत्येक के लिए निविदा खुलने की तिथि: 05.12.2024 प्रत्येक के लिए • विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाईट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

SPAN/5/1/304

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

## मंदसौर में सुबह छाई रही हल्की धुंध - ठंडी हवाएं बड़ा रही सदी

मंदसौर । उत्तर पूर्वी हवाओं का असर कम होने से पिछले दो तीन दिन में मंदसौर में ठंड का असर बढ़ गया है। वहीं, पहाड़ी क्षेत्रों में चल रही जेट स्ट्रीम हवाएं प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र से आ रही है, इसी के चलते मौसम में बदलाव आया है। अगले चार-पांच दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। जिले में अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास बना हुआ है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि हवा का रुख जब उत्तर-पश्चिमी हो जाएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, तब तापमान में और गिरावट होगी। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के असर से ग्वालियर-चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठंडा रहेगा। हवाओं का असर इन्हीं संभागों में सबसे पहले होता है । मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही है। वहीं, दक्षिणी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। जेट स्ट्रीम हवाओं की रफ्तार तेज होने से प्रदेश में इसका असर रहेगा।

## मंदसौर में मोबाइल दुकान के ताले चटकाए, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**मन्दसौर।** मंदसौर के नाकोड़ा काम्प्लेक्स में शुक्रवार रात को एक बदमाशों ने 2 दुकानों के ताले तोडक़र 5 मोबाइल चुरा लिए। दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हुई है। इसमें एक युवक दुकानों के ताले तोड़ कर चोरी करता नजर आ रहा है। अब पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को नाकोड़ा कॉम्प्लेक्स स्थित सांवलिया मोबाइल शॉप और परफैक्ट मोबाइल शॉप में एक बदमाश ने चोरी का प्रयास किया। दुकान संचालक अंकित कुमावत ने बताया कि जब वह शनिवार सुबह दुकान पर आया तो घटना का पता चला। उसके पास वाली दुकान के ताले टूटे हुए थे, लेकिन बदमाश उसकी दुकान का शटर नहीं खोल पाया, पड़ोसी के यहां कुछ मोबाइल चोरी हुए है। वहीं सांवरिया मोबाइल शॉप के संचालक सोनू पोरवाल ने बताया कि सुबह पड़ोसी ने चोरी की सूचना दी थी। उसकी दुकान से 30 से 40 हजार रुपए की कीमत के 5 मोबाइल चोरी हुए है। मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की एफआरआई दर्ज की है। वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश की जा रही है ।

## आज पशुपतिनाथ मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर होगी बॉलीवुड म्यूजिक नाईट

**मंदसौर ।** भगवान पशुपतिनाथ के 62 वे मेले में सांस्कृतिक रंगमंच पर आज की शाम सुरभि म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले बॉलीवुड म्यूजिक नाईट के नाम होगी , सुरभि म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार अपने हुनर का जलवा बिखेरेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंसीलाल गुर्जर उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला मेला सभापति भावना जय प्रकाश पमनानी व सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आज दिनांक 17 नम्बर 2024 रविवार को रात्रि 8 बजे से सुरभि म्यूजिकल ग्रुप की पेशकश बॉलीवुड नाइट में गायन के साथ मिमिक्री कलाकार , लाफ्टर शो डांस , के साथ वॉइस कुमार सानू तेजकरण सिंह चौहान , वॉइस ऑफ मोहम्मद रफी जाफर खान, आयुषी देशमुख रंगमंच पर अपने गीतों की प्रस्तुति देंगे सुरभि म्यूजिकल ग्रुप के ऑर्गेनाइजर जगदीश गंगवानी ने बताया कि ,जाने-माने गायक कलाकार हिमांशु वर्मा, गोपाल बैरागी, शिवानी लोट, सोनू शर्मा, वैभव सोलंकी ,नीतीश राठौर ,संजय सोनी, दीपक जैन , बिट्टू देशमुख , यतीद्र भाटी ,और सिंगर एवं मिमिक्री आर्टिस्ट जाफर खान व गौराश तिवारी अपने हुनर का जलवा बिखेरेंगे । अत्याधुनिक वाद्य उपकरणों के साथ आर्केस्ट्रा द्वारा संगीत की स्वर लहरियां बिखेरी जाएगी। संगीत प्रेमी जनता से निवेदन है कि कलाकारों का उत्साहवर्धन करें और कार्यक्रम का आनंद उठाएं ।

## ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल के बिल माफ करने को लेकर पत्र लिखा

चौमहला । चौमहला कस्वे में खाद्य एवं किराना व्यापार संघ ने ग्रामीण क्षेत्र में पानी के बिल माफ करने को लेकर जल संसाधन मंत्री को लिखा पत्र खाद्य एवं किराना व्यापार संघ ने पत्र के माध्यम से बताया कि चौमहला कस्बा ग्रामीण क्षेत्र के अर्नतगत आता हैं इसके बावजूद भी जलदाय विभाग द्वारा सौतेला व्यवहार करते हुए नजदिकी कस्बो में जलदाय विभाग द्वारा नल के बिल माफ किये गए हुए है, विभागीय खामी के कारण चौमहला क्षेत्र मे जल विभाग द्वारा नल के बिल दिये जाते हैं, चौमहला एक ग्रामीण क्षेत्र में है, ग्राम पंचायत, मुख्यालय हैं पूर्व में सरकार द्वारा ग्रामीण श्रेत्रों में नल के बिल पूर्ण रूप से माफ किये हुए हैं। वर्तमान में विभाग द्वारा हजारो रूपय के नोटीस देकर उपभोक्ताओं को और आम जनता को परेशान किया जा रहा है। विभागीय स्तर पर आप इस समस्या का निराकरण करवाए पूर्व मे भी व्यापार संघ द्वारा और अन्य संगठनो द्वारा इस और ध्यान आकर्षित किया गया>

## महिला एवं युवतियां सिलाई प्रशिक्षण के लिए 20 नवंबर से प्रारम्भ होगा

मन्दसौर । सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया निर्देशक ने बताया कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सर्किट हाउस से पहले, नई आबादी थाने के पास, दलोदा रोड मन्दसौर द्वारा 20 नवम्बर 2024 से महिला एवं युवतियां सिलाई का प्रशिक्षण प्रारम्भ होगा। इस प्रशिक्षण का लाभ गामीण अंचल की युवतियां जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो को प्रशिक्षण दिया जाएगा । इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण मे आवास, भोजन व नाश्ते की व्यवस्था निन्शुल्क रहेगी। बैंकिग संबंधी सभी जानकारियां दी जायेगी।

## आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का होगा आयोजन

मंदसौर। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की सेवा संस्था नव जागृति मंच द्वारा 17 नवंबर रविवार को प्रात- 11 से 1 बजे तक 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के व्यवस्था प्रभारी सुनील पंचारिया ने बताया कि जगदीश विलास जीवागंज में आयोजित शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के महानुभाव लाभ उठा सकते हैं।केवल आधार कार्ड और एक पासपोर्ट साइज का फोटो साथ लाना है यदि कोई वृद्ध जन अस्वस्थता या किसी कारण ना सके तो उनके परिवार के कोई भी सदस्य आ सकते हैं।

### मार्बल के बीच फंसे दो लोग, 6 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

# अनियंत्रित होकर पलटा मार्बल से भरा ट्रक, एक की मौत





**मन्दसौर। महू-नीमच फोरलेन हाईवे के गुराडिया बालाजी चौराहा के पास शुक्रवार की रात एक मार्बल स्टोन से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रक ड्राइवर की मार्बल के नीचे दबने मौत हो गई। वहीं, दो व्यक्ति केबिन में बुरी तरह फंस गए। जिन्हें 6 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाहर निकाला गया। दोनों का जिला हॉस्पिटल में उपचार किया जा रहा है।**

मुल्तानपूरा चौकी प्रभारी कपिल सौराष्टीय के मुताबिक घटना रात करीब रात करीब ढाई बजे की है। ट्रक में भरा मार्बल केबिन में चला गया था, जिसमें दबने के कारण ड्राइवर अभय सिंह (20) पिता खुमान सिंह राजपूत निवासी कांडरवासा थाना नामली जिला रतलाम की मौत हो गई। वहीं, ट्रक में दो अन्य व्यक्ति दीपक (23) पिता दशरथ बैरागी (23) निवासी बिलांत्रि और राज (19) पिता जुझार लाल निवासी कांडरवासा केबिन के बीच मार्बल के नीचे दब गए । रात करीब 3 बजे केबिन में मार्बल के बीच फंसे दोनों व्यक्तियों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सुबह करीब साड़े 9 बजे दोनों घायल व्यक्तियों को बाहर निकाला गया जिन्हें जिला अस्पताल भर्ती करवाया गया है।

**साड़े 6 घंटे चला ऑपरेशन** -पुलिस के मुताबिक हादसे की सूचना के बाद रात 3 बजे केबिन में फंसे ड्राइवर को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। बाकी दोनों घायल ट्रक के केबिन और मार्बल पत्थरों के बीच बुरी तरह फंसे हुए थे। मौके पर पहुंची वाईडी नगर पुलिस टीम और स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की। इसके बाद जेसीबी मशीन और क्रेन बुलवाई गई। इससे भी बात नहीं बनी तो समाजसेवा में हमेशा अग्रणी रहने वाले नाहरू भाई गेस कटर लेकर पहुंचे। रात 3 बजे शुरू हुआ ऑपरेशन सुबह 9.30 बजे खत्म हुआ। दोनों घायल व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। जिला अस्पताल में उनका उपचार किया जा रहा है।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले रगड़ाते हुए आया ट्रक** - प्रत्यक्षदर्शी अनवर हुसैन ने बताया कि हम दुकान के बाहर सो रहे थे। रात के 2.25 मिनट पर अचानक से एक तेज आवाज आई, देखा तो ट्रक रगड़ाते हुए जा रही थी। हम भागकर गए तो अंदर तीन लोग मार्बल के बीच फंसे थे, इसमें एक कि मौत हो गई थी। दो व्यक्ति कहरा रहे थे। हमने पुलिस को सूचना की। देर हुई तो हम अपने वाहन से पुलिस को लेने गए। वापस आए तब तक मुल्तान पूरा चौकी से पुलिस पहुंच गई थी। सुबह तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में दो लोगों को बचा लिया गया।

**डॉक्टर्स की टीम मौके पर डटी रही** -पत्थरों के बीच फंसे दोनों व्यक्तियों को जिंदा रखने के लिए डॉक्टरों की टीम ने मेडिकल उपचार शुरू किया। दोनों को ऑक्सीजन और दवाएं देकर उपचार किया गया। जबतक दोनों घायलों को रेस्क्यू नहीं कर लिया तब तक डॉक्टरों की टीम मौके पर डटी रही।

## जीवित बेटी का किया क्रियाकर्म - प्रेम विवाह से नाराज थे परिजन, मृत्युभोज में शामिल हुए ग्रामीण

**मन्दसौर । मंदसौर जिले के दलावदा गांव में एक परिवार ने अपनी जिंदा बेटी का क्रियाकर्म कर दिया। इसके लिए परिवार ने एक शोक पत्रिका छपवाई और मृत्युभोज का भी आयोजन किया। जिसमें समाज के लोग के लोग पहुंचे।**

सीतामऊ तहसील के गांव की रहने वाली युवती ने 12 नवंबर को घर से भागकर प्रेम विवाह कर लिया। परिजनों ने सीतामऊ थाने में युवती की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। जिसके अगले दिन पुलिस युवती और उसके प्रेमी को खोजकर थाने ले आई। यहां युवती ने अपने बयान में कहा- मैं बालिग हूं। प्रेमी के साथ रहने का मेरा खुद का फैसला है। युवती के मौसा ने बताया कि उसे बहुत लाड प्यार से बड़ा किया हैं। दो महीने बाद उसकी शादी होने वाली थी। इससे पहले ही उसने पास के गांव के रहने वाले एक युवक के साथ भागकर शादी कर ली।

**लडक़ी ने थाने में कहा- मेरा कोई परिवार नहीं है**-थाना पहुंचे उसकी मां, मौसा, भाई, दादी ने उसे समझाना कर घर ले जाने की कोशिश की। 80 साल की दादी ने भी समझाया । दादी ने कहा कि बेटी घर चलो हम दो दिन बाद लगन निकलवा कर इसी लडक़े से शादी करवा देंगे। समाज और परिवार में मान सम्मान बना रहेगा। किसी को सिर नीचे नहीं करना पड़ेगा, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। पुलिस के सामने कह दिया कि वो किसी को नहीं जानती है, उसका कोई परिवार नहीं है। इसके बाद युवती के परिवार वालों ने तय किया कि जिन्होंने उसे पालपोश कर बड़ा किया उन्हें नहीं पहचानती तो फिर उससे रिश्ता क्या रखना। इसके बाद उसके क्रियाकर्म का कार्यक्रम किया।

**परिजनों ने शोक पत्रिका बांटे** -युवती के भाई ने बताया कि उसकी बहन ने घर से भाग कर एक लडक़े के साथ प्रेम विवाह कर लिया। हमने उसे बहुत समझाया वह नहीं मानी। इसके बाद आज हमने बहन के क्रियाकर्म का कार्यक्रम किया। इसमें समाज के करीब लोग शामिल हुए। सुबह उसका क्रियाकर्म किया और मृत्युभोज किया। भाई ने कहा कि यह सब कर हम यही संदेश देना चाहते है कि लड़कियां परिवार वालों को नीचा न दिखाए। परिजनों ने शोक कार्यक्रम के बाद युवती से जुड़ी सभी यादों को खत्म कर दिया।



## बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

भानपुरा (मन्दसौर) । पुलिस टीम थाना भानपुरा के अपराध क्र. 74/2024 धारा 363 आईपीसी बढ़ाने धारा 366, 376(2)(एफ), 376(3) भादवि 3/4, 5 एल/6, 5एन/6 पास्को एक्ट भादवि मे फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि दिनांक 03.03.2024 को फरियादी द्वारा अपनी लडकी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के संबंध मे थाना भानपुरा पर रिपोर्ट की थी जो फरियादी की रिपोर्ट पर थाना भानपुरा पर अपराध क्रमांक 74/2024 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौराने विवेचना दिनांक 05.06.2024 को अपहर्ता को जयपुर से बरामद किया था, जिस पर प्रकरण मे पीड़िता के कथनो के आधार एव मेडिकल जांच के आधार पर आरोपी राजेश उर्फ गणेश भील पिता कारूलाल भील निवासी खटकड थाना रायथल जिला बूंदी (राजस्थान) पर धारा 366, 376(2)(एफ), 376(3) भादवि 3/4, 5 एल/6, 5एन/6 पास्को एक्ट का ईजाफा किया गया था आरोपी राजेश घटना दिनांक से फरार चल रहा था । आरोपी राजेश को रामगंजमण्डी मे होने की सूचना पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है, प्रकरण मे अग्रीम एवं साक्ष्य संकलन कार्यवाही जारी है। पुलिस टीम भानपुरा द्वारा उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक रमेशचन्द्र दांगी, सउनि गेंदाल पलासिया, प्रआर् महेन्द्रसिंह झाला, प्रआर सोनु ठाकुर, आर निलेश तोमर, आर जीवन जयपाल, आर दिनेश कुमार, का महत्वपूर्ण योगदान रहा है ।

## लोकनृत्य एवं लोकगीत के बारे में छात्राओं को जानकारी दी

**मन्दसौर** । शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत दिनांक 16 नवम्बर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर महाविद्यालय में '' भारत में सहिष्णुता'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ.पाटीदार द्वारा विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि सभी की बातों को खुले मन से स्वीकार करना चाहिए और दैनिक वातावरण में सहिष्णुता को अपनाना चाहिए। डा.निरंजन गंगवाल संयोजक द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत दिनांक 19, 20, 21 नवम्बर 2024 से महाविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिताओं पोस्टर, निबंध, भाषण, लोकनृत्य एवं लोकगीत के बारे में छात्राआं को जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं अनेक छात्रायें उपस्थित थी। संचालन डा.अंजली जैन एवं आभार डा.निरंजन गंगवाल ने माना।



## पेंशनर विरोधी धारा को विलोपित कराने हेतु विधायक को ज्ञापन सौंपा

मन्दसौर । म.प्र. के पेंशनरों को महंगाई राहत स्वीकृति को लेकर म.प्र./छ.ग. राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की पेंशनर विरोधी धारा 46 (6) को हटाने को लेकर एवं पेंशनरों की विभिन्न लम्बित मांगों को शासन स्तर पर विधानसभा में उठाकर इसे विलोपित किये जाने को लेकर भारत पेंशनर समाज जिला शाखा मंदसौर का प्रतिनिधिमण्डल जिलाध्यक्ष पं. गोपालकृष्ण शर्मा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविन्दसिंह पंवार के नेतृत्व में मंदसौर के विधायक श्री विपिन जैन को मिलकर ज्ञापन प्रस्तुत कर चर्चा की गई। इस अवसर पर गोपालकृष्ण शर्मा एवं गोविन्दसिंह पंवार द्वारा विधायक श्री जैन को बताया कि प्रदेश के विभाजन हुए 24 वर्ष होने के बावजूद धारा 49(6) की आड़ में दोनों ही प्रदेश की सरकारों की मिलीभगत से केन्द्र सरकार द्वारा घोषित मुख्य सूचकांक के आधार पर वर्ष में 2 बाद बडऩे वाली महंगाई राहत पेंशनरों को केन्द्रीय तिथि से नहीं दिया जाकर इनका आर्थिक शोषण कर एरियर राशि नहीं दी जाकर हड़प ली जाती है। प्रतिनिधि मण्डल में भारत पेंशनर समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, महामंत्री इंजि. सुनील व्यास, सचिव कन्हैयालाल भावसार, प्रकाश पटवारी, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सतीश नागर सम्मिलित रहे। उक्त जानकारी भारत पेंशनर समाज के अशोक कुमार शर्मा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

## चातुर्मास पुर्ण होने पर जैन श्वेताम्बर साध्वी मण्डल को भानपुरा से विदाई दी गई



भानपुरा (मन्दसौर) । जैन श्वेताम्बर श्री संघ भानपुरा में चार माह चातुर्मास काल के पुर्ण होने पर यहां विराजित साध्वी भाग्य यशा श्रीजी आदि ठाणा 4 साध्वी मण्डल को 16 नवम्बर को भावभीनी बिदाई दी गई जयानंद भवन में आयोजित बिदाई समारोह में श्री संघ अध्यक्ष अशोक गोखरु,सचिव विजय चोरडय़िा,जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल नाहर, युवक महासंघ के अध्यक्ष अंतिम चौरडय़िा,अजय चौरडय़िा,डां प्रमिला नाहर, सुभाष भण्डारी श्रीमती आशा चौरडय़िा ने संबोधित किया। साथ ही सामायिक मण्डल की डां प्रमिला नाहर,अन्जु कीमती, सुमित्रा नाहर, पुष्पा नाहर ने बिदाई गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महिला मण्डल की भारती नाहर, प्रियंका नवलखा ने भी बिदाई गीत प्रस्तुत किया ,साध्वी मण्डल ने चातुर्मास काल में हुई धर्म आराधना के लिए श्री संघ को धन्यवाद दिया ओर कहा कि धर्म के मार्ग पर चले ओर जिन आराधना में रत रहे। आपने चातुर्मास को स्मरण करते हुए कहा कि भानपुरा श्री संघ ने हमारा बहुत ध्यान रखा हम हमेशा स्मरण में रखेंगे ओर श्री संघ के हम आभारी हैं, म.प्र. में यह हमारा पहला आगमन था ओर वह भी भानपुरा में बहुत अच्छा लगा आगे हमारा जहां भी चातुर्मास हो श्री संघ आए , चातुर्मास समापन पर साध्वी मण्डल चातुर्मास परिवर्तन के लाभार्थी सुधीर नवलखा के निवास पर पहुंचे वहां से 17 नवम्बर कि सुबह साध्वी मण्डल कोटा की ओर विहार करेगा , बिदाई समारोह का संचालन नितिन नाहर ने किया। आभार श्री संघ अध्यक्ष अशोक गोखरु ने माना।

## समन्वय परिवार अध्यक्ष श्री काबरा निधन पर श्रद्धांजलि

मंदसौर । क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एवं समन्वय परिवार जिला शाखा अध्यक्ष श्री रामेश्वर लाल काबरा के निधन पर शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए समन्वय परिवार उपाध्यक्ष एवं जनपरिषद संस्था अध्यक्ष डॉ घनश्याम बटवाल ने कहा कि श्री काबरा सामाजिक , सार्वजनिक और धार्मिक क्षेत्रों में अग्रणी रहकर योगदान करते रहे । भारत माता मंदिर संस्थापक एवं निवर्तमान जगदुरु शंकराचार्य स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज के विशेष कृपा पात्र रहे । समन्वय परिवार मंदसौर इकाई के दिलीप गौड़ गोपाल त्रिवेदी , डॉ दिनेश तिवारी रमेश चंद्र सैनी , राजेंद्र तिवारी , ब्रजेश जोशी , के वी कुलकर्णी , कैलाश सोलंकी , दिवाकर उपाध्याय , कारूलाल सोनी , रमेश शर्मा , हरिकृष्ण गौड़ प्रियेश व्यास अशोक त्रिपाठी धीरेंद्र त्रिवेदी नरेंद्र नाहटा विजयेन्द्र सेठी विनोद चौबे शेष नारायण माली गीतांजलि गौड़ अर्चना माहेश्वरी उमेन्द्र सिंह गौड़ बंशीलाल टांक प्रधुम्न शर्मा राव विजयसिंह मुकेश भावसार मनोहर लाल सोनी शम्भूसेन राठौर सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्री काबरा की सेवाओं को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## भारत का लोकतंत्र उसके चौथे स्तंभ के बिना अधूरा है

**मंदसौर। आप एक ऐसे प्रोफेशन में हैं। जिसकी आज के समय में सबसे ज्यादा मांग है। समाज और सरकार को राह व आयना दिखाने का कार्य पत्रकारों का ही है। पत्रकारिता की शक्ति और जिम्मेदारी को समझें और इसका उपयोग समाज के हित में करें। यह बात मंदसौर विश्वविद्यालय के डीन ऑफ अकादमिक डॉ. अरुणवा दास ने कही। वे राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारिता के छात्रों को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के जनसंचार व पत्रकारिता विभाग में शनिवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, और फिल्म प्रदर्शन जैसे गतिविधियां की।**

पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. राम सुंदर कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र उसके चौथे स्तंभ अर्थात प्रेस और मीडिया के बिना अधूरा है। राष्टीय प्रेस दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एक अवसर है, जब हम प्रेस की स्वतंत्रता, जिम्मेदारी और शक्ति का सम्मान करते हैं। वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया ने सूचनाओं को जन-जन तक पलक झपकते ही पहुंचाने का काम किया है। लेकिन इससे सूचनाओं की गुणवत्ता और सत्यता पर संदेह भी उठता है। इसमें सुधार की जरुरत है। उन्होंने आगे कहा कि देश की पत्रकारिता का एक समृद्ध इतिहास रहा है। यह भूमि स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पत्रकारों और संपादकों की कर्मभूमि रही है। हमारे देश के पत्रकारों ने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की आवाज को प्रमुखता दी है और सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। साथ ही विभाग के सहायक प्रोफेसर, शाकिर हुसैन व करम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। 'वर्तमान समय की पत्रकारिता और भविष्य' पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की छात्रा मानश्वी चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग में छात्रा अंजली सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालन गोविंद पाटीदार ने किया।

## कोचिंग के लिए गया था 16 वर्षीय लोकेश 3 दिन बाद भी घर नहीं लौटा

भानपुरा (मन्दसौर) । जनपद भानपुरा की ग्राम पंचायत मुख्यालय गोविंद खेड़ा निवासी रमेश पिता किशनलाल खारोल द्वारा अपने लडक़े लोकेश खारोल उम्र 16 साल की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है ओर पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। रिपोर्ट में कहां गया कि गुमशुदा बालक लोकेश खारोल दिनांक 14 नवंबर 2024 को दोपहर 1.30 बजे से मांदलिया बस में बैठकर भवानी मंडी कोचिंग के लिए गोविंद खेड़ा अपने गांव से भवानी मंडी गया था किंतु जानकारी मिली है कि उनका लडक़ा कोचिंग में नहीं पहुंचा और वापस शाम को घर भी नहीं आया लोकेश की उम्र 16 साल 2 माह है वह सफेद रंग की शर्ट पर नीले रंग की पेंट ब्लू कलर के जूते पहने हैं इसकी लंबाई तकरीबन 5 फिट है साथ ही जानकारी दी की अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर ले जाने की संभावना है>

# निकिता दत्ता की फैशन डायरी



आज निकिता दत्ता अपना जन्मदिन मना रही हैं, और हम उनके शानदार फैशन सेंस से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। इस साल उनकी पहली मराठी फिल्म घरात गणपति में बेहतरीन अभिनय के लिए उन्हें कई अवॉर्ड मिले हैं। निकिता का अभिनय तो कमाल का है ही, लेकिन उनकी स्टाइल भी उतनी ही शानदार है। बोल्ड और खूबसूरत, आत्मविश्वास से भरी - निकिता का हर फैशन लुक हमें हमेशा प्रभावित करता है। यहाँ उनके पाँच लुक्स हैं जो उनकी फैशन पसंद को दिखाते हैं:

**बोल्ड और आत्मविश्वास से भरा:** इस काले बॉडीसूट और ब्लैक टाइट्स के साथ ब्लैक लेदर जैकेट में निकिता का आत्मविश्वास और बोल्डनेस झलकता है।

**सादगी में सुंदरता:** निकिता इस क्रीम रंग के गाजी सिल्क लहंगे में बेहद प्यारी लग रही हैं, जिसमें कढ़ाई वाली बेल्ट और पफ स्लीव्स वाला ब्लाउज़ है।

**स्टाइल का उदाहरण:** निकिता इस डेनिम को-ऑर्ड सेट में बेहद स्टाइलिश लग रही हैं और उनका यह लुक काफी आकर्षक है।

**बॉस लेडी अंदाज़:** निकिता का यह लुक उनके आत्मविश्वास और बॉस लेडी वाले स्टाइल को दिखाता है।

**रेड हॉट:** इस बोल्ड रेड बैकलेस गाउन में निकिता ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और एक यादगार छाप छोड़ी।


## मैं छह महीने सोती हूं, छह महीने खाती हूं

कलाकार श्रद्धा कपूर का हिंदी सिनेमा पर दबदबा कायम है, एक ऐसी यात्रा जिसने उन्हें फिल्मफेयर के नवंबर 2024 संस्करण के कवर पर पहुंचा दिया है। उनकी नवीनतमब्लॉकबस्टर, स्त्री 2 ने न केवल कई रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर पसंदीदा के रूप में अपनी स्थिति भी मजबूत की। फिल्मफेयर के कवर स्टार के माध्यम से उसकी सफलता , गहरे जुनून, अथक आत्म-विश्वास और प्रसिद्धि को दर्शाता है 7 भोजन और फिटनेस के प्रति अपने प्यार को संतुलित करने पर श्रद्धा टिप्पणी करती हैं, मैं बहुत खाती हूं, वर्कआउट भी करती हूं। वह विनोदपूर्वक कहती है, मैं बकासुर हूं। मैं कुंभकरण की तरह बन सकता हूं, छह महीने सोती हूं, छह महीने खाती हूं।जीवन के प्रति श्रद्धा का दृष्टिकोण बेहद रंगीन है। वह कहती हैं, मेरे लिए हर दिन बहुत रंगीन है। हर एक दिन इंद्रधनुषी रंग है। मैं दुनिया को गुलाबी रंग के चश्मे से देखता हूं और मेरा हर दिन ऐसा ही है।जब उनसे स्थानांतरित होने की उनकी योजना के बारे में पूछा गया, तो श्रद्धा ने अपनी जड़ों, विशेषकर जुहू स्थित अपने घर से अपने मजबूत संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा, मेरा दिल हृदयभूमि में है। घर जैसी कोई जगह नहीं।




## अल्फा से अपना सपना पूरा कर रहीं शर्वरी

बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार शर्वरी ने खुलासा किया है कि उनका पसंदीदा जॉनर एक्शन है! वे फिलहाल अपने सपने को जी रही हैं, वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की अगली बड़ी फिल्म अल्फा में सुपरस्टार आलिया भट्ट के साथ एक्शन करते हुए।'अल्फा' को वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की पहली महिला-केंद्रित फिल्म बताया जा रहा है, जिसका निर्माण आदित्य चोपड़ा कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट की लीड आलिया भट्ट हैं और इस फिल्म में दोनों अभिनेत्रियाँ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। शर्वरी का कहना है कि यदि किस्मत ने साथ दिया, तो वे भारत की अगली एक्शन स्टार बनना चाहती हैं। वे कहती हैं, मुझे एक्शन जॉनर बेहद पसंद है, और मैं अपनी बहन के साथ एक्शन फिल्में देखना पसंद करती हूँ। इसलिए जब मुझे अल्फा का ऑफर मिला, तो मैंने तुरंत हामी भर दी! मन ही मन मैं हमेशा एक्टर के तौर पर एक्शन करना चाहती थी। अब मेरा सपना सच हो रहा है।



## जसलीन के सॉन्ग साहिबा का टीजर जारी




जसलीन रॉयल के इस बहुप्रतीक्षित म्यूजिक वीडियो साहिबा का टीज़र आखिरकार आ गया है, और यह एक ऐसी विजुअल और ऑडिटरी ट्रीट है जो पहले कभी नहीं देखी गई। इस म्यूजिक वीडियो में विजय देवरकोंडा और राधिका मदान की शानदार जोड़ी दिखाई देगी, जो आपको 1870 के जादुई युग में ले जाएगी।इस गीत को सुधांशु सारिया ने लिखा और निर्देशित किया है और जसलीन रॉयल ने इसे प्रोड्यूस किया है। साहिबा एक भव्य निर्माण है जो नॉस्टेल्जिया और रोमांस की भावना से भरा हुआ है।

## एकलौती बिहारी सब पे भारी

इंडियन आइडल सीज़न 15 'ग्रैंड म्यूज़िकल धमाका' के साथ मंच पर धूम मचाने के लिए तैयार है। असाधारण प्रतियोगियों में से एक, पटना की रितिका राज उर्फ आइडल की बसंती ने एक बिज़नेस एनालिस्ट के रूप में काम किया और अंततः संगीत को लेकर अपने सपनों को पूरा करने के लिए साहसिक कदम उठाया। फिल्म लोफर के गाने 'कोई शहरी बाबू' पर उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने जजों को बेहद प्रभावित किया, जिन्होंने उनकी खूब तारीफ की। उनमें से बादशाह ने कहा, रितिका मंच पर छा गईं और ये एकलौती बिहारी है जो सब पे भारी होने वाली है! गायक और राजनेता मनोज तिवारी इस एपिसोड में रितिका का समर्थन करने के लिए खास मेहमान के रूप में पहुंचे।



## नोरा ने मटका से बीटीएस साझा किया



नोरा फतेही की तेलुगु सिनेमा में डेब्यू फिल्म मटका अब सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। उन्होंने हाल ही में फिल्मांकन के दौरान अपने सफर की पर्दे के पीछे की झलक साझा की। वीडियो में नोरा अपनी तेलुगु लाइनों की रिहर्सल और प्रैक्टिस करती नजर आ रही हैं। हाथ में स्क्रिप्ट के साथ, वह अपने प्रदर्शन को लेकर चिंतित दिखाई देती है, लेकिन जैसे-जैसे वह समय के साथ अभ्यास करती है, वह भाषा के साथ अधिक सहज हो जाती है। प्रशंसकों को नोरा को एक तेलुगु लाइन पर लड़खड़ाते हुए देखने का मौका भी मिलता है, लेकिन कुछ कोशिशों और आत्म-सुधार के बाद, वह इसे पूरी तरह से ठीक कर लेती है।अपने पोस्ट में नोरा ने वीडियो को कैप्शन दिया, मटका फिल्म रिलीज हो गई! मेरे प्रदर्शन पर सकारात्मक समीक्षाओं के लिए धन्यवाद दोस्तों!

## नेहा धूपिया ने गोफ्लो रन 2024 की शुरुआत की

अभिनेत्री और फिटनेस इन्फ्लूएंसर नेहा धूपिया ने गोफ्लो रन 2024 की शुरुआत की है, जो एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है जो फिटनेस, समुदाय और मासिक धर्म स्वास्थ्य के लिए वकालत का मिश्रण है। दूरदर्शी उद्यमी अनीता लोबो द्वारा सह-मेज़बान, उद्घाटन गोफ्लो रन 8 दिसंबर, को एमएमआरडीए ग्राउंड्स, बीकेसी, मुंबई में निर्धारित है। यह आयोजन महिलाओं के फिटनेस आयोजनों में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में सार्थक बातचीत को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक दौड़ के दायरे से आगे बढ़ रहा है। गोफ्लो रन 2024 का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के लिए सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देते हुए मासिक धर्म से जुड़े कलंक को तोड़ना है। 12 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए खुला है, यह कार्यक्रम उन्हें दौड़ने, चलने और एक आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता है।



## सेट पर बच्चों के साथ पर्दे के पीछे का मनोरंजन



श्रीमद् रामायण में श्री राम (सुजय रेऊ) और सीता (प्राची बंसल) की पौराणिक कथा को जीवंत किया गया है, जो अपनी समृद्ध कथा और दिल को छू लेने वाले पलों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। हाल ही में युवा किरदार लव (शौर्य मंडोरिया) और कुश (अथर्व शर्मा) कहानी में शामिल हुए, जो अश्वमेध यज्ञ के लिए अयोध्या पहुंचे और आखिरकार अपने नायक श्री राम से मिले। सीता की भूमिका निभाने वाली प्राची बंसल ने अपने युवा सह-कलाकारों के साथ अपने मधुर संबंधों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, मुझे शौर्य और अथर्व के साथ समय बिताना और सेट पर उनके साथ हर पल का आनंद लेना पसंद है। मुझे उनके साथ समय बिताना बहुत पसंद है और हम किसी भी चीज़ और हर चीज़ के बारे में बात कर सकते हैं। वे सेट पर बहुत खुशमिजाज़ और चंचल होते हैं, खासकर कुश क्योंकि वह बेहद शरारती है।

## अजय देवगन का नया गाना दम दम मारो रिलीज़!




फिल्म नाम, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं, अपनी रिलीज़ के बस एक हफ्ते दूर है। फिल्म का धमाकेदार और एक्शन से भरा ट्रेलर दर्शकों को बहुत पसंद आया है, और इस फिल्म को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं। ट्रेलर के बाद अब पहला गाना दम दम मारो भी लॉन्च कर दिया गया है।इस गाने का संगीत मशहूर संगीतकार जोड़ी साजिद-वाजिद ने दिया है, जो दबंग, वीर और राउडी राठौर जैसे हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। गाने में अजय देवगन कूल और स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रहे हैं, और उनके साथ हैं खूबसूरत समीरा रेड्डी। दम दम मारो को साल का सबसे हिट गाना माना जा रहा है, जो सुनते ही लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देगा।

## जब अनु मलिक ने जिगर और सचिन को दिया था पहला पेड जॉब



'सारेगामापा' स्पेशल एपिसोड में अनु मलिक और कुमार सानू की मौजूदगी ने माहौल को खास बना दिया। जिगर ने याद किया कि कैसे अनु मलिक ने न सिर्फ उन्हें और सचिन को पहला पेड जॉब दिया, बल्कि हिट गाना 'अपना बना ले' के लिए पहला अवॉर्ड भी दिलवाया। जिगर ने कहा, साल 2008 की बात है, जब एक दिन मुझे अनु मलिक का कॉल आया। सचिन और मैं यकीन नहीं कर पाए। उन्होंने गाना रिकॉर्ड करने के लिए हमें स्टूडियो बुलाया, और मैंने सचिन से कहा कि ये जरूर कोई प्रैंक है। लेकिन जब सचिन ने उनकी आवाज़ सुनी, तो उन्होंने कहा कि हमें जाना चाहिए, क्योंकि ये अनु मलिक हैं। हम तब शॉर्ट्स और चप्पल में थे और बस पकड़कर स्टूडियो पहुंचे। इसके बाद उन्होंने हमें फिल्म 'कमबख्त इश्क' के लिए गाना दिया, जो हमारा पहला पेड जॉब था। मैं वो एक कॉल कभी नहीं भूल सकता जिसने हमें यहां तक पहुंचने का हौसला दिया।

## आर्यन 1 करोड़ के सवाल तक पहुंचने वाले पहले जूनियर




कौन बनेगा करोड़पति सीज़न 16 के जूनियर्स वीक में, भटिंडा, पंजाब के 15 वर्षीय आर्यन हांडा अपनी प्रतिभा, जिज्ञासा, और अटूट दृढ़ संकल्प से देश का दिल जीत लेंगे। 10वीं कक्षा के विद्यार्थी, आर्यन न केवल अद्भुत 50 लाख अंक जीतने वाले सीज़न के पहले जूनियर प्रतियोगी बनेंगे, बल्कि 1 करोड़ के सवाल का जवाब देने की भी कोशिश करेंगे! इस सबसे बड़े इनाम तक पहुंचने का उनका निर्णय वाकई प्रेरणादायक है। अंतरिक्ष और विज्ञान के प्रति आर्यन का जुनून वाकई असाधारण है। कॉस्मॉस के प्रति उनकी उत्सुकता पिछले साल चंद्रयान-3 के लॉन्च के दौरान बढ़ी। आर्यन ने बताया, जब चंद्रयान 3 की खबर आई, तो अंतरिक्ष के बारे में मेरी जिज्ञासा अचानक ही बेहद बढ़ गई। मैंने चंद्रमा, ग्रहों, गैलेक्सी, और सितारों के बारे में अलग-अलग सवाल करना शुरू कर दिया, और उन पर घंटों शोध किए। एक खुशनुमा पल में, जब आर्यन से सोनम बाजवा पर उनके क्रश के बारे में पूछा गया तो वह शरमा गए, लेकिन एबी उन्हें खास सरप्राइज़ देने से खुद को नहीं रोक सके। बिग बी ने सोनम बाजवा के साथ एक वीडियो कॉल का इंतज़ाम किया, जिससे आर्यन रोमांचित हो गए। कॉल के बाद, आर्यन ने क्विक भांगड़ा डांस के साथ जश्न मनाया, जिससे दर्शक बेहद खुश हो गए।

## ढाई आखर का ट्रेलर रिलीज़

अवॉर्ड विनिंग हिंदी फ़िल्म ढाई आखर का ट्रेलर रिलीज हो गया हैं। दिल को छू लेने वाले संवाद और प्रेम की अगूढ़ संवेदनाओं को ट्रेलर के ज़रिए बहुत ही खूबसूरत तरीके से प्रस्तुत करता हैं निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की घरेलू हिंसा जैसे संवेदनशील विषय पर बनी ढाई आखर एक ऐसी ही फ़िल्म हैं जो एक महिला के अपनी पहचान खोजने की कोशिश में किये गए संघर्ष और प्यार की कोमल भावनाओं को बखूबी बयान करती है। ट्रेलर की शुरुआत में एक प्रेम पत्र की कुछ बहुत ही खूबसूरत पंक्तियों से होती हैं । तुम्हारा प्यार मेरे लिए एक हवा के ऐसे झोंके की तरह का हैं कलियों के चटकने की आवाज के जैसा । ट्रेलर के कुछ संवाद दिल को छू जाते हैं क्या है हमारा रिश्ता तो जवाब मिलता हैं क्या रिश्ते का नाम होना जरूरी हैं । कुछ संवाद दर्द और पीड़ा से भी भरे हैं जैसे अनचाहे मर्द के साथ शादी करना, उसके साथ सोना और उसके अंश को धारण करना पाप होता हैं ।।






## चित्रगुप्त परेशान क्यों ?

धर्मराज अपने कक्ष में आकर बैठे ही थे कि उनको सामने से चित्रगुप्त आते दिखलाई दिए । पर आज का मंजर कुछ और था हमेशा प्रसन्नचित्त मुद्रा में रहने वाले चित्रगुप्त के माथे पर चिंता की लकीरें उनके समक्ष उत्पन्न किसी गंभीर समस्या का स्पष्ट संकेत दे रहीं थी।उन्होंने चित्रगुप्त को कहा यम हें हम और हमारा सहायक परेशान रहे यह शोभा नहीं देता इसलिए तुम अपनी गंभीर चिंता के कारण हमारे समक्ष प्रस्तुत करो। चित्रगुप्त बोले महाराज भू लोक में अनाचार और पाप अत्यधिक होने के कारण नरक में जनसंख्या दिन प्रतिदिन बड़ती जा रही है जिसके कारण जनसंख्या घनत्व बढ़ रहा है यदि यही रफ्तार रही तो आने वाले समय में प्रणियों के लिए स्थान ही नहीं बचेगा इसलिए नरक का विस्तार करना आवश्यक हो गया है ।

चित्रगुप्त की बात से धर्मराज भी सोच में पढ़ गए और उनके माथे में भी चिंता की लकीरों के भाव उभर आए । गंभीर समस्या का शंख बजा और आनन फानन में सभासदों और नरक के कुछ वरिष्ठ निवासियों को समस्या के समाधान के उपाय सुझाने के लिए आमंत्रित किया गया । चित्रगुप्त ने आगाह किया कि भू लोक में अभाषी दुनिया के प्राणी अपना चेनल चर्चित करने के लिए जिस प्रकार अवांछित सलाह दे रहे हैं उस प्रकार की सलाह न् देकर कुछ कारगर सलाह दें जिससे इस गंभीर समस्या का समाधान हो सके । पहली सलाह मिली कि स्वर्ग की भूमि में अतिक्रमण करके कुछ भूमि में कब्जा कर लिया जाए जिसे भविष्य में आने वालों के लिए नरक के अनुकूल बनाया जा सके ।

यम ने चित्रगुप्त की और देखा और चित्रगुप्त ने अपनी बही को टटोलते हुए कहा महाराज नरक में बहुत से प्राणी अपने इसी कर्म के कारण आए हैं और आजकल पृथ्वी में बुलडोजर नाम की एक मशीन ने इस प्रकार के अतिक्रमणों को हटाकर त्राहि त्राहि मचाई हुई है क्योंकि अतिक्रमण कभी भी गिराया जा सकता है इसलिए उपाय कारगर नहीं है । पुनः अगला सुझाव प्रस्तुत हुआ कि रहने वालों के स्थान को बहुमंजिला कर दिया जाए जिसमें अधिक से अधिक लोगों को समायोजित किया जा सके।

क्योंकि चित्रगुप्त पृथ्वी के हालातों से भलीभाँति परिचित थे इसलिए उन्होंने अपने आका से कहा महाराज ऐसा करने से कंक्रीट का जंगल बन जाएगा और लोगों को दमघोंटू माहौल के साथ साथ सर्दी में गर्मी और गर्मी में सर्दी का अहसास होगा , पानी बिजली की मांग पूरी करना संभव नहीं होगा। ऐसे नारकीय माहौल में वहाँ के प्राणी पहले ही रह रहे हैं तो उनको यहाँ लाकर क्या फायदा तथा जो प्राणी पहले सी यहाँ हें तो उनको इस प्रकार के दमघोंटू व अभावग्रस्थ माहौल में रखना उनके कर्मों के निर्धारित फल से अधिक हो जाएगा जिससे धर्म के नियमों की अवहेलना होगी।

अभी विचार विमर्श चल ही रहा था की दूर से नारायण ङ्क नारायण की आवाज के साथ नारद अवतरित हुए । विषय की गंभीरता को देखते हुए उन्होनें कहा कि क्यों न् पृथ्वी में प्रणियों को अनेक प्रकार के पाप कर्मों से दूर रहते हुए धर्म व सत्कर्म पर चलने की शिक्षा देने के उपाय किए जाएँ जिससे नरक की आवश्यकता ही नहीं रहे । परंतु इस विचार पर भी संशय के बादल मडराने लगे क्योंकि घोर कलियुग में प्राणियों को सत्कर्म के मार्ग में ढालना लोहे के चने चबाना जितना ही मुश्किल था । अंत में यही निर्णय लिया गया की स्वर्ग नरक की सरकारों को ध्वस्त करते हुए परलोक के दरवाजे बंद कर दिए जाएँ और इहलोक में ही अपने अच्छे बुरे कर्मों के फल का भोग करने की व्यवस्था कर दी जाए । ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित होते ही धर्मराज अपने मंत्रणा मण्डल को लेकर पारित प्रस्ताव के साथ ब्रह्मा जी के निवास देव लॉक की और प्रस्थान कर गए ।

**गिरीश जोशी**
**पूर्व उप निदेशक**
**भारत के महा रजिस्ट्रार का कार्यालय**
**गृह मंत्रालय एवं संरक्षक हिंदी की गूंज**

# कांग्रेस अब आंदोलन मोड में

## धरना, प्रदर्शन, आंदोलन का एजेंडा तय करेगी कमेटी

इंदौर। उपचुनाव से निपटने के बाद कांग्रेस का अब एक ही लक्ष्य है प्रदेश सरकार की घेराबंदी। इसके लिए पार्टी पूरी तरह आंदोलन मोड में आने वाली है। इसके लिए पार्टी ने एक समिति बनाई है जो धरना, प्रदर्शन, आंदोलन का एजेंडा तय करेगी। उस एजेंडे के अनुसार कांग्रेस पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को घेरेगी।



गौरतलब है कि प्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार अगले महीने अपने कार्यकाल का एक साल पूरा करने जा रही है। इससे पहले मप्र कांग्रेस प्रदेश सरकार के खिलाफ अलग-अलग मुद्दों पर धरना, प्रदर्शन और आंदोलन करने की तैयारी में है। इसके लिए मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने वरिष्ठ नेताओं की एक प्रदेश स्तरीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी कांग्रेस के सरकार के खिलाफ आंदोलन, धरना, प्रदर्शन का एजेंडा तय करेगी। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि समिति में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विधायक डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री मुकेश नायक, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्षद्वय महेन्द्र जोशी, राजीव सिंह, महामंत्रीत्रय संजय कामले, गौरव रघुवंशी और मृणाल पंत को शामिल किया गया है।

### सरकार की कमियां की जाएगी अजागर

प्रदेश कांग्रेस सूत्रों के अनुसार मप्र सरकार अगले महीने 13 दिसंबर को कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर जश्न मनाने की तैयारी में है। इससे पहले मप्र कांग्रेस कुछ विषयों को लेकर जनता के बीच जाएगी। प्रदेश भर में धरना, प्रदर्शन और आंदोलन किए जाएंगे। इस दौरान कांग्रेस बताएगी कि भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से कौन कौन से वादे किए थे। उनमें से कितने वादों को पूरा किया है और कितनों को नहीं। कांग्रेस भ्रष्टाचार, अपराध के अलावा महिला, किसान, गरीब और युवाओं के मुद्दों पर सरकार की घेराबंदी करेगी। इसके लिए मैदानी स्तर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति प्रदेश में समय-समय पर होने वाली संगठनात्मक बैठकों, धरना, प्रदर्शन, आंदोलनों का एजेण्डा तैयार करने का काम करेगी। साथ ही केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करने के उद्देश्य से प्रारूप-संकलन तैयार करने का कार्य करेगी।

### एससी-एसटी पर हमले की जांच के लिए बनाई समिति

विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को हुए उपचुनाव के मतदान के एक दिन पूर्व गुंडों-बदमाशों द्वारा धनाचया गांव में आदिवासियों पर गोलियां चलाए जाने की घटना को अंजाम दिया गया। वहीं, मतदान के बाद विजयपुर के गोहटा गांव में रात में बदमाशों द्वारा दलित बस्ती के घरों में तोडफ़ोड़ की गई, किसानों की फसलें जला दी गई और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इन घटनाओं की जांच के लिए समिति गठित की है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि इस समिति में विधायक फूलसिंह बरैया, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, मुरैना से लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी सत्यपाल सिंह (नीटू) सिकरवार, मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार और मप्र कांग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष रामू टेकाम को शामिल गया है।

## जीतू पटवारी की नई टीम की पहली बैठक 21 और 22 नवंबर को

इंदौर। मप्र में दो सीटों पर उप चुनाव के बाद एमपी कांग्रेस एक बार फिर से संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। हालही में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने अपनी नई टीम की घोषणा की है। नई कार्यकारिणी के बाद बगावत भी देखने को मिली थी। अब सभी नेताओं को एक मंच पर लाने और आगे की रणनीति तैयार करने के लिए दो 21 और 22 नवंबर को राजधानी भोपाल में बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी, नेता प्रतिपक्ष और पीसीसी चीफ समेत सभी दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे और आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि गुरूवार, 21 नवम्बर 2024 को सुबह 10 से कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों की बैठक रखी गई। बैठक में समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। वहीं 21 नवम्बर को ही दोपहर 12 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्यों, स्थाई आमंत्रित सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों की बैठक भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की उपस्थिति में आहूत की गई है। सिंह ने बताया कि दूसरे दिन 22 नवम्बर को सुबह 10 बजे से प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यसमिति के सदस्य जिसमें उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव और संयुक्त सचिवों की अनिवार्य बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में रखी गई है। इस बैठक में भी भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की उपस्थिति रहेंगे।

# पटवारी से नाराज मुस्लिम नेता मिलेंगे राहुल गांधी से

## उपचुनाव के नतीजे के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की तगड़ी घेराबंदी की तैयारी

इंदौर। कांग्रेस में नई टीम के गठन के बाद से ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से नाराज चल रहे मुस्लिम नेताओं ने अब राहुल गांधी के यहां दस्तक देने का निर्णय लिया है। यह नेता उपचुनाव के नतीजों के बाद राहुल से मिलकर अपना पक्ष रखेंगे। इन लोगों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर सालों से कांग्रेस से जुड़े मुस्लिम नेताओं की उपेक्षा का आरोप लगाया है।





प्रदेश कांग्रेस की नई टीम में बुरहानपुर से पूर्व विधायक हमीद काजी को उपाध्यक्ष और अनीस मामू को महामंत्री बनाया गया। मुस्लिम नेताओं का कहना है कि उम्रदराज काजी का कोई आधार नहीं बचा है और अनीस दिल्ली में पार्टी के बड़े नेताओं के यहां हाजिरी बजाने के चलते यह पद पाने में सफल हुए। शेख अलीम प्रदेश अध्यक्ष के निजी मित्र हैं, इस कारण उन्हें अनुशासन समिति में मौका दिया गया।

सोहराब पटेल राऊ विधानसभा क्षेत्र के समीकरण को प्रभावित करने की ताकत रखते हैं, इस कारण उन्हें पटवारी ने एडजस्ट किया। सालों से कांग्रेस के लिए काम कर रहे नेताओं की अपेक्षा की गई और हमारी कहीं सुनवाई भी नहीं हो रही है।

नाराज मुस्लिम नेताओं को प्रदेश के कुछ बड़े नेताओं का भी समर्थन है। यह नेता तो प्रदेश कार्यकारिणी के गठन के तत्काल बाद ही राहुल गांधी के साथी कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे से मिलकर विरोध दर्ज करवाने वाले थे, लेकिन तब इन्हें प्रदेश के ही बड़े नेताओं द्वारा कुछ दिन इंतजार करने के लिए कहा गया था।

सूत्रों के मुताबिक 23 नवंबर को मध्यप्रदेश के दोनों उपचुनाव बुधनी और विजयपुर के नतीजे आ जाएंगे। इसके बाद मुस्लिम नेताओं का एक बड़ा समूह दिल्ली जाकर विरोध दर्ज करवाएगा। इन लोगों का यह भी आरोप है कि प्रदेश अध्यक्ष आधारहीन मुस्लिम नेताओं को बढ़ावा दे रहे हैं और जो मुस्लिम नेता सालों से कांग्रेस के लिए मैदान में सक्रिय हैं, उनकी उपेक्षा की जा रही है।

## कटाक्ष

### फूटा सारा ढोल

भ्रष्टाचार पर जो खुले आम
कर रहे थे विरोध
जता रहे थे इस पर
अपना सारा क्रोध
मगर उस समय खुल गई
उनकी सारी पोल
खुद भ्रष्टाचार में पकड़े गये
तब फूटा सारा ढ़ोल

### पवित्रता

कहते हैं जो भी
पवित्र नदियों में नहाते हैं
वे पवित्र कहलाते हैं
मंत्री, नेता अधिकारी
रोज भ्रष्टाचार की
पवित्र गंगा में नहाते हैं
इसलिए आज वे
पवित्र कहलाते हैं

### भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचार ऐसा घोड़ा हैं
जो सब जगह दौड़ता हैं
जहां-जहां भी दिखे हरा-हरा
किसे भी नहीं छोड़ता हैं

### हमला

भ्रष्टाचार पर वे प्रतिदिन
हमला करते हैं
यह अलग बात हैं
वे खुद ही भ्रष्टाचार में
लिप्त रहते हैं



**रमेश मनोहरा**
**शीतला माता गली जावरा**
**(म.प्र.)**
**457226, जिला रतलाम**
**मो. 9479662215**

# दिसंबर में भाजपा को मिलेंगे नए मंडल और अध्यक्ष

इंदौर। अगले चार दिनों में बूथ समिति गठन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, जिसके बाद बूथ पदाधिकारियों का चयन होगा. इस प्रक्रिया के बाद दिसंबर तक नया नगर अध्यक्ष चुन लिए जाने की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। बताया गया है कि बूथ समितियों के चुनाव के बाद मंडल अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष पद के चुनाव शुरु हो जाएंगे. बूथ समितियों के चुनाव के लिए विशेष चुनाव अधिकारियों को नियुक्त किया है, जिन्हें संगठन पर्व सहयोगी नामित किया गया है। ये चुनाव अधिकारी शक्ति केंद्र स्तर पर काम करेंगे और बूथों पर जाकर पार्टी की सदस्यता लेने वाले कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित करेंगे। इन बैठकों में से चुने गए कार्यकर्ताओं के नामों का चयन करके बूथ समितियों के सदस्य बनाए जाएंगे। इसमें एक बूथ अध्यक्ष के अलावा पांच अन्य सदस्य होंगे, जो सोशल मीडिया और तकनीकी मामले में दक्ष होंगे। इन सदस्य का काम सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना, मोबाइल एप्स पर डेटा एंट्री करना और पार्टी के डिजिटल प्लेटफार्म पर अपडेट्स देना होगा।

**डिजिटल मोड पर बूथ समिति का गठन**-चुनाव प्रक्रिया इस बार पूरी तरह से डिजिटल होगी। बूथ समितियों का गठन 20 नवंबर तक किया जाना है। पार्टी का उद्देश्य न केवल कार्यकर्ताओं को एकजुट करना है, बल्कि तकनीकी रूप से सक्षम कार्यकर्ताओं का चयन भी है। चुनाव प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए बूथ समिति के गठन के बाद सभी जानकारी संगठन एप पर अपडेट कर दी जाएगी।

**ऐसी होगी समिति**-बीजेपी की बूथ समिति में कुल 12 सदस्य होंगे, जिनमें तीन महिलाएं शामिल होंगी। ये सदस्य विभिन्न जिम्मेदारियों के साथ अपनी भूमिका निभाएंगे, जिनमें प्रमुख भूमिकाएं जैसे बूथ अध्यक्ष, बूथ मंत्री, बीएलए प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, मन की बात प्रमुख, और व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख शामिल हैं।

**सबसे अहम है ईकाइ बूथ समिति**-भारतीय जनता पार्टी की बूथ समितियां पार्टी की जड़ मानी जाती हैं, और इन चुनावों में विधानसभा व मंडल स्तर के नेता अपनी पसंद के चेहरों को स्थापित कर राजनीतिक ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। जबलपुर में राजनीतिक सामंजस्य बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है, जहां जनप्रतिनिधि और संगठन के नेता चुनावी रणनीति में संतुलन साधने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि कुछ क्षेत्रों में तालमेल बनाना मुश्किल हो रहा है। पार्टी ने इस बार बूथ समिति चुनाव को ऑनलाइन किया है, जिससे जोड़-तोड़ की प्रक्रिया तेज हो गई है। डिजिटल तकनीक और सामूहिक सहयोग के साथ, बीजेपी 20 नवंबर तक बूथ समितियों का गठन पूरा कर अपनी जड़ों को मजबूत करने और चुनावी उत्साह का संचार करने की दिशा में काम कर रही है।

# डिजिटल मोड पर भाजपा करा रही बूथ के चुनाव

## 1.95 लाख महिलाएं बनेंगी बूथ समिति सदस्य

भोपाल (ईएमएस)। मप्र में भाजपा की बूथ समितियों के चुनाव शुरू हो गए हैं। 20 नवंबर तक प्रदेश के 65015 बूथों पर बूथ समितियों का गठन होगा। इन बूथ समितियों में 1 लाख 95 हजार महिलाओं को शामिल किया जाएगा। बूथ के चुनाव भी भाजपा डिजिटल मोड पर करा रही है। यानि बूथ समिति के चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद बूथ अध्यक्ष से लेकर बूथ समिति की जानकारी संगठन एप पर तुरंत दर्ज कराई जा रही है।

भाजपा ने बूथ समितियों के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किए हैं। इन्हें संगठन पर्व सहयोगी नाम दिया है। शक्ति केन्द्र स्तर पर संगठन सहयोगी यानि चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये अपने शक्ति केन्द्र में आने वाले बूथों पर जाकर पार्टी की सदस्य लेने वाले सदस्यों की बैठक लेंगे और उनमें से बूथ समितियों के लिए नामों का चयन कराएंगे। बूथ अध्यक्ष के अलावा 5 और सदस्य सोशल मीडिया और टेक्निक फ्रेंडली होंगे। यानि वे सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने के साथ ही मोबाइल और एप पर डेटा एंट्री करने में सक्षम हों।



### बूथ अध्यक्ष के मोबाइल पर आएगा ओटीपी

बूथ समितियों के चुनाव प्रक्रिया को तुरंत डिजिटलाइज करने के लिए बूथ अध्यक्ष का चयन होने के बाद उनके नाम की एंट्री संगठन एप पर की जाएगी। जानकारी दर्ज होने के बाद नवनियुक्त बूथ अध्यक्ष के मोबाइल पर ओटीपी आएगा। ओटीपी वैरिफिकेशन के बाद अधिकारिक रूप से बूथ अध्यक्ष की जानकारी भाजपा के पोर्टल पर दर्ज मानी जाएगी।

### प्रत्येक कमेटी में होंगी 11 सदस्य

बूथ कमेटियों में 11 कार्यर्त्ताओं को जगह मिलेगी। इसमें अध्यक्ष समेत 11 सदस्य होंगे। इसमें सदस्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के इंचार्ज, व्हाट्सएप इंचार्ज और लाभार्थी इंचार्ज समेत अन्य जिम्मेदारी दी जाएगी। इसमें सामाजिक श्रेणी और कार्यक्रम प्रमुख की भी जिम्मेदारी दी जाएगी।

### नहीं आएगी नेताओं की सिफारिश काम

इस बार बूथ कमेटियों का सदस्य बनने के लिए विधायक, सांसद, पदाधिकारियों की सिफारिश काम नहीं आएगी। केंद्रीय नेतृत्व के साफ निर्देश है कि कर्मठ और जुझारू तरीके से काम करने वालों को ही कमेटियों में जगह मिलेगी। यदि किसी को सिफारिश से कमेटी में पद दिया जाता है तो उसकी शिकायत केंद्रीय नेतृत्व को सीधे की जाएगी।

### दिसंबर में होंगे मंडल और जिला अध्यक्षों के चुनाव

नवंबर महीने में भाजपा की बूथ समितियों के गठन के बाद दिसंबर महीने में मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। मंडल और जिला अध्यक्षों के चुनाव से पहले पार्टी सदस्यता अभियान में अच्छा काम करने वाले अध्यक्षों की भी लिस्ट तैयार करा रही है। सदस्यता में अच्छा काम करने वाले पदाधिकारी अगली समिति में प्रमोट किए जाएंगे। शक्ति केन्द्र स्तर के कार्यकर्ता मंडल और मंडल में अच्छा काम करने वाले जिले की टीम में शामिल किए जा सकते हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com